वर्ष- 21 अंक - 344 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

इंदौर, शनिवार 30 मई 2026

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

# नौतपा में गिरा पानी, गल गई रोहिणी इंदौर का मौसम हुआ आशिकाना



**शनिवार.एजेंसी।** कहा जाता है कि नौ दिन की रोहिणी में बारिश नहीं होना चाहिए और जमकर गर्मी पड़ना चाहिए। इससे मानसून अच्छा रहता है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी नौतपा में बारिश होने से रोहिणी गल गई। आज तड़के इंदौर में तड़ातड़ पानी गिरा और बाद में भी बूंदाबांदी हुई। इसके बाद इंदौर में बादल छाए रहे जिससे मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

# मौत की आंधी-बारिश ने ली 61 जान

## लबालब सड़कों में बही गाड़ियां, ट्रेनें फंसी, 4 फ्लाइट डायवर्ट

शनिवार ● एजेंसी

भीषण गर्मी और नौतपा के बीच म.प्र., बिहार, उ.प्र. और बंगाल में आंधी-तूफान के बीच हुई बारिश से 61 लोगों की मौत हो गई। म.प्र. के भिण्ड में दीवार और छत गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि छतरपुर में भी तीन लोगों की जान चली गई। गुना जिले में तेज आंधी के साथ बारिश हुई जिससे कई पेड़ गिर गए। मैरिज गार्डन में लगा टेन्ट भी उखड़ गया। सतना में भी बूंदाबांदी हुई बिहार में पिछले 24 घंटे में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। पटना में बारिश के चलते 4 विमान डायवर्ट किए गए। जबकि 18 फ्लाइट लेट रही। कई ट्रेनें भी फंस गई। उधर उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आंधी-तूफान की वजह से 31 लोगों की मौत हो गई। सहारनपुर में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नीचे आ गया। इससे इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। इसी तरह कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल में आंधी-बारिश के कहर से 7 लोगों की मौत हो गई। घर गिरने, बिजली गिरने और करंट लगने जैसी घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं के कारण पेड़ उखड़ गए, सड़कें जलमग्न हो गईं और कोलकाता एयरपोर्ट व ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। पंजाब के पठानकोट में आज सुबह ओले गिरे। वहीं, मोहाली में तेज बारिश हुई।









# ट्रंप की बेटी आज आकर ताजमहल का दीदार करेंगी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप निजी दौरे पर आज दिल्ली पहुंचेंगी। यहां से वे आगरा जाएंगी और रविवार सुबह ताजमहल का दीदार करेंगी। करीब डेढ़ घंटे के दौरे के बाद वह चार्टर्ड विमान से जैसलमेर रवाना होंगी।

# 25 एकड़ जमीन के लिए 6 की हत्या

बेंगलुरु ● एजेंसी

कर्नाटक के विजयपुरा जिले के चडाचन पुलिस थाना क्षेत्र के गोविंदपुरा गांव में एक ही परिवार के 5 सदस्यों समेत 6 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जड़ 25 एकड़ जमीन को लेकर चल रहा विवाद है। निराले परिवार ने हाल ही में नीवरगी के तेली परिवार से यह जमीन खरीदी थी। जब निराले परिवार के सदस्य हाल ही में खरीदी गई जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे, तभी उन पर दूसरे पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया गया। हमलावरों ने हंसिया और अन्य धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। घटना इतनी भयावह थी कि कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों ने गोलीबारी की आशंका भी जताई है।

# लालू परिवार को खाली करना होगा बंगला

**पटना.एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना का '10 सर्कुलर रोड' स्थित बंगला, जो पिछले कई वर्षों से लालू-राबड़ी परिवार की राजनीतिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र रहा है, अब उनके हाथ से निकलने जा रहा है। सम्राट चौधरी सरकार ने यह बंगला खाली करने का नोटिस दिया है। यह बंगला भाजपा कोटे से मंत्री बने नंदकिशोर राम को आवंटित किया गया है।

## ट्रंप ने डील पर अंतिम फैसला टाला

**वाशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित समझौते पर अंतिम फैसला फिलहाल टाल दिया है। उन्होंने व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ करीब दो घंटे तक बैठक की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। सबसे बड़ा विवाद ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार को लेकर है। ट्रंप इसे नष्ट करना चाहते हैं, जबकि एक नए प्रस्ताव के तहत यह सामग्री कजाकिस्तान भेजी जा सकती है।दो घंटे तक चली बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने समझौते को मंजूरी नहीं दी है।

## न्यूज ब्रीफ...

### आज नेता चुने जाएंगे डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु.एजेंसी।** कर्नाटक कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज शाम बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को औपचारिक रूप से नया नेता चुना जाएगा। डीके शिवकुमार अगले हफ्ते मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

### सीएनजी फिर महंगी

**मुंबई.एजेंसी।** मुंबई में सीएनजी 15 दिनों में तीसरी बार महंगी हुई है। महानगर गैस लिमिटेड ने आज सीएनजी के दाम 2 रुपए बढ़ा दिए है और अब इसकी कीमत 86 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। रसोई में इस्तेमाल होने वाले पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी की दरें भी 50 पैसे प्रति एससीएम बढ़ा दी हैं।

### 20 जून से पहले मोदी कैबिनेट का विस्तार संभव

**नई दिल्ली.एजेंसी।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले विस्तार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। नौ जून को इस कार्यकाल के दो साल पूरा होने और 10 जून को राजगशासित दलों के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक के बाद पहला मंत्रिमंडल विस्तार होगा जो कि 20 जून से पहले हो सकता है।

### पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चार की मौत; 41 घायल

**अनुपपुर.एजेंसी।** उमरिया से लगे अनुपपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पुष्पराजगढ़ ब्लॉक के गिंजरी गांव स्थित शनि मंदिर के पास श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 4 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 41 लोग घायल हो गए। ग्राम पड़मनिया और आसपास के करीब 50 ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर बिजौरा में आयोजित पूजन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे तभी हादसा हुआ।

### केदारनाथ यात्रा के लिए 140 किलो का भक्त खच्चर पर चढ़ा



**केदारनाथ.एजेंसी।** केदारनाथ के दर्शन के लिए इन दिनों भारी भीड़ उमड़ रही है। लंबी और ऊंची चढ़ाई के कारण लोग खच्चर का सहारा ले रहे हैं। खच्चर पर बैठकर लोग केदारनाथ की पहाड़ी चढ़ रहे हैं। एक ऐसे ही व्यक्ति का वीडियो वायरल हुआ है जो कि करीब 140 किलो का अच्छा-खासा तगड़ा शख्स है। जो कमजोर खच्चर पर बैठकर पहाड़ी पर चढ़ रहा है यह वीडियो देखकर लोगों ने कहा कि यह तो जुल्म है। अगर चल नहीं सकते तो घर पर रहो। भक्ति के नाम पर बेजुबान जानवरों पर जुल्म मत करो।

# पार्षद मिश्रा ने शुरू करवाया वाटर रिचार्जिंग अभियान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



शहर में लगातार गहराते जल संकट और भूजल स्तर में आ रही गिरावट को देखते हुए वार्ड क्रमांक 33 में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। वार्ड पार्षद मनोज मिश्रा द्वारा वंदे मातरम गार्डन में वाटर रिचार्जिंग एवं जल संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्ड स्तर पर यह अभिनव अभियान प्रारंभ किया गया है। पार्षद मनोज मिश्रा ने कहा कि वार्ड क्रमांक 33 में जिन बोरिंगों से पर्याप्त मात्रा में पानी प्राप्त होता है, उनके आसपास रहने वाले नागरिकों और विभिन्न रहवासी संघों के सहयोग से नगर निगम की सहभागिता में व्यापक स्तर पर वाटर रिचार्जिंग कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल एक स्थान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे वार्ड में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे वर्षा जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दें और अपने घरों, कॉलोनियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्जिंग की व्यवस्थाएं विकसित करने में सहयोग करें।

# जनता को शुद्ध पानी दो या इस्तीफा दो

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आनन्द कासलीवाल जैन ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सही वॉटर ऑडिट रिपोर्ट पेश की है और उसके बाद अपनी और निगम की गलती मानने के बजाए पुष्यमित्र भार्गव कांग्रेस और जीतू पटवारी को बदनाम गलत तरीके से कर रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कासलीवाल ने कहा कि इंदौर की जनता को पीने का पानी अशुद्ध मिल रहा है उसकी समस्या को हल करने का दायित्व महापौर का है, ना कि उससे बचने का। साढ़े तीन साल से अधिक समय महापौर के कार्यकाल को हो चुके हैं और अभी तक वे सही मुद्दे पर नहीं आए हैं, जबकि इसी गलत पानी से भागीरथपुरा में 36 लोगों की मौत हो चुकी है, उस पर भी महापौर ने जिम्मेदारी नहीं ली थी और अभी शहर में बूंद-बूंद पानी का संकट है और जो पानी मिल रहा है वह भी दूषित मिल रहा है ऐसा जांच रिपोर्ट में बताया गया है, ऐसे में महापौर को अपने इस पौने चार साल के कार्यकाल में गलती मानकर इस्तीफा दे देना चाहिए।

## शाकिर बने उपाध्यक्ष



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के संगठन विस्तार अभियान के अंतर्गत शाकिर हुसैन को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें 'आप इंदौर जोड़ो अभियान' का प्रभारी भी बनाया गया है। कई समाजजनों और नेताओं ने शाकिर को बधाई दी।



## विद्यार्थियों के बीच लालवानी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आरपीएल माहेश्वरी कॉलजे की विरासत यात्रा का समापन राजवाड़ा पर माता अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कॉलेज पदाधिकारी, प्राचार्य, प्रोफेसर और विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। सांसद शंकर लालवानी ने भी विद्यार्थियों को उद्बोधन दिया। अध्यक्ष रामअवतार जाजू भी मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नेता सत्तन ने किया भार्गव का स्वागत



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के प्रथम नागरिक पुष्यमित्र भार्गव भाजपा के वरिष्ठतम नेता सत्यनारायण सत्तन के तम्बोली बाखल निवास पर पहुंचे तो भार्गव का फूल मालाओं से सत्तन ने स्वागत किया और गले भी लगाया, आशीर्वाद भी दिया।

## योग का आयोजन होगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि नगर पालिक निगम इंदौर, आनुषांगिक संगठन,योग शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जाल सभागृह में प्रातः 8:30 से 9 बजे तक होगा उसके पहले 8 बजे से नाश्ता और फिर योग के बाद बैठक भी आयोजित की गई है।**



# पटवारी के वार पर महापौर के अलावा भाजपा जनप्रतिनिधि नहीं आया सामने

### अब शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने भी संभाला भार्गव के वार पर मोर्चा

## पटवारी ने कहा सरकार कराए वॉटर ऑडिट

### *महापौर ने कहा प्लास्टिक की बाटल में पानी भरकर जांच ही गलत*

### *चिंटू चौकसे ने कहा इंदौर को बदनाम भाजपा की परिषद कर रही है*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल मीडिया से चर्चा कर इंदौर में नगर निगम द्वारा सप्लाय किए जा रहे पानी को 90 प्रतिशत दूषित बताया और कहा कि प्रदेश सरकार फिर से इंदौर शहर का वॉटर ऑडिट करवाए। कांग्रेस ने जो वॉटर ऑडिट रिपोर्ट तैयार की उसे भी पटवारी ने कल मीडिया के सामने सार्वजनिक किया और कहा कि देश-प्रदेश के साथ इंदौर नगर निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार है। इंदौर में भाजपा के 9 विधायक होने के साथ 2 मंत्री भी है, सांसद, महापौर सबकुछ भाजपा का है, राज्यसभा से सांसद भी भाजपा के हैं। पटवारी ने कहा कि इंदौर की विधानसभाओं से लिए गए 240 पानी के सैम्पल की जांच में चौकाने वाली रिपोर्ट आई है, 90 प्रतिशत पीने का पानी नहीं है।

पटवारी ने भागीरथपुरा में 36 लोगों की मौत का मुद्दा भी उठाया और मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपकर इंदौर के ऑडिट के साथ ही भागीरथपुरा मुद्दे पर पुनः जांच की मांग की जाएगी। पटवारी ने निगम के वॉटर रिचार्ज कार्यों पर भी सवाल उठाया और कहा कि करोड़ों खर्च के बाद भी परिणाम शून्य है, घोटाले पर घोटाले हो रहे हैं और कार्रवाई शून्य है। इंदौर शहर बूंद-बूद पानी के लिए तरस रहा है, भोपाल से लाए गए कचरे को पीथमपुर में जलाए जाने का उन्होंने विरोध भी किया और कहा इंदौर के सांसद शंकर लालवानी की चुप्पी रही। इस कचरे को जलाने से यशवंत सागर केचमेंट एरिये का पानी प्रभावित हो सकता है यह भी कहा। छावनी सहित अन्य जगह पर चौड़ीकरण के नाम पर वैध निर्माण तोड़े जा रहे है, लेकिन मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, उज्जैन में मुआवजा मिला है। बिना मास्टर प्लान के शहर का विकास करने का दावा सरकार और निगम परिषद कर रही है। इस दौरान चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, सज्जन वर्मा भी मौजूद रहे।

इस बयान के बाद महापौर ने एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू और नन्दकिशोर पहाड़िया की मौजूदगी में मीडिया से चर्चा की और कहा कि यह कांग्रेस की ओछी राजनीति है, जीतू पटवारी शहर को बदनाम कर रहे हैं। महापौर ने प्लास्टिक की बोटल में सेम्पल लेने को ही गलत बताया, कहा कि सैम्पल रिपोर्ट और जांच प्रक्रिया ही सवाल के दायरे में हैं। महापौर ने रिपोर्ट को ही झूठ का पुलिंदा बता दिया। नगर निगम सेम्पल जांच कराएंगी यह भी कहा। महापौर ने कहा कांग्रेस के पार्षद निगम के कार्य और चाहे स्वच्छता मुद्दा हो, यातायात का मुद्दा हो या अन्य कोई मुद्दा हो साथ नहीं देते हैं, महत्वपूर्ण मुद्दों पर नदारद हो जाते हैं। महापौर ने कहा कि जब सैम्पल 5 और 6 फरवरी को लिए गए थे और उसकी रिपोर्ट 13 फरवरी को आ गई थी, तो यह रिपोर्ट तीन माह तक दबाकर क्यों रखी और जब ऑडिट कम जगह पर किया तो 90 प्रतिशत पानी को दूषित कैसे बताया जा रहा है। कांग्रेस शहर को बदनाम करने की ओछी राजनीति कर रही है। महापौर ने कहा पानी जीतू पटवारी और चिंटू चौकसे के गृह क्षेत्र में भी जा रहा है। बताए कि वहां पानी दूषित जा रहा है क्या। चिंटू चौकसे ने भी घेरा और कहा कि पानी वितरण में भेदभाव हो रहा है। इस पर महापौर ने कहा चिंटू चौकसे के वार्ड के लिए भी टैंकर दिए गए हैं। अगर उनसे वार्ड पानी की सप्लाय में नहीं संभल रहे हैं तो वे टैंकर वापस दे दें। नगर निगम वहां पानी का सप्लाय अच्छे से करवा देगा।

कुल मिलाकर जीतू पटवारी के आरोप के बाद महापौर सामने आए और उन्होंने पलटवार किया और उसके बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने भी महापौर के बयान पर फिर से बयान जारी किया। चिंटू चौकसे ने कहा इंदौर को बदनाम कांग्रेस नहीं, महापौर के काम कर रहे हैं, जब 36 लोगों की मौत हो गई तब भी जिम्मेदारी लेने से पीछे हटे, गर्मी में पानी के संकट से निपटने के लिए कोई तैयारी निगम और महापौर ने नहीं की। चिंटू चौकसे ने कहा कि इंदौर में सबसे फेल महापौर के रूप में वर्तमान महापौर पुष्यमित्र भार्गव को जाना जा रहा है। कांग्रेस की जांच रिपोर्ट से निगम को अपनी व्यवस्था सुधारना चाहिए, कमी को दूर करना चाहिए उलटा महापौर कांग्रेस को बदनाम करने का आरोप लगा रहे हैं। भागीरथपुरा में जहरीले पानी के सप्लाय से 36 लोगों की मौत हो चुकी है और अभी तक जिम्मेदारी तय नहीं हुई है उसी भागीरथपुरा मुद्दे पर ही महापौर को उस समय ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। कांग्रेस ने 29 वार्ड से पानी के नमूने इकट्ठे करवाए, जांच करवाई और अब जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की तो महापौर के पास जवाब देने के लिए कुछ नहीं था और उन्होंने शहर को बदनाम करने का आरोप कांग्रेस पर लगा दिया, जबकि शहर भागीरथपुरा कांड के बाद देश भर में बदनाम हुआ। इस समय शहर के 85 वार्डों की गली-गली में पानी का बड़ा संकट है इसके लिए निगम परिषद और महापौर जिम्मेदार है। चौकसे ने आरोप लगाया कि महापौर अपने कार्यकाल में अधिकारियों से लड़ते रहे, उनका पूरा कार्यकाल निगम परिषद के साथ विवाद करने में निकला है, उनके इस कार्यकाल में चार आयुक्त आ चुके हैं और पांचवें आयुक्त की पद स्थापना भी शासन ने की है। महापौर का अधिकारियों के साथ विवाद के चलते इंदौर बदनाम हुआ है। देशभर में भागीरथपुरा कांड से लेकर अधिकारियों से लड़ाई और घोटालों में इंदौर बदनाम हुआ है। पानी, सड़क, भ्रष्टाचार मुद्दे पर इंदौर बदनाम हुआ, पेचवर्क तक इंदौर में नहीं हो पाते हैं यह महापौर कार्यकाल की उपलब्धि है। अपनी ही सरकार से नगर निगम के 600 करोड़ रु. चुंगी क्षतिपूर्ति और प्रवेश कर, स्टाम्प ड्यूटी की नहीं ला पा रहे हैं। चौकसे ने टैंडर से लेकर कई आरोप निगम पर लगाए।

## जनप्रतिनिधियों की चुप्पी

सांसद से लेकर विधायक और भाजपा पार्षदों की कल चुप्पी रही। जीतू पटवारी ने वॉटर ऑडिट की रिपोर्ट पेश की और निगम के साथ महापौर को कटघरे में खड़ा किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने भी महापौर पर आरोप लगाए। इधर महापौर अपने दो खास एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू और नन्दकिशोर पहाड़िया के साथ सफाई देने आगे आए और कांग्रेस पर आरोप लगाया। भाजपा सांसद, विधायक, पार्षद कांग्रेस के आरोप के बाद चुप्पी साधे रहे। इधर महापौर के पलटवार के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर वार पर पलटवार किया। कुल मिलाकर इस एक साल में कांग्रेस प्रदेश से लेकर इंदौर में भी राजनीतिक हमलावार दिखाई दे रही है, लेकिन भाजपाई जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भाजपाइयों को ही समझ में नहीं आ रही है।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर में कोई बग्घी तो कोई ई-वाहन लेकर पहुंचा

## पेट्रोल खर्च से महंगी पड़ी किराये की शाही बग्घी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल-डीजल बचाने और ई-वाहन का उपयोग करने की सलाह का असर आज भाजपा के नगर और जिला प्रशिक्षण शिविर में भी दिखाई दिया। मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया के साथ मदन प्रजापत, मनोहरसिंह मेहता सहित अन्य किराये की बग्घी लेकर पहुंचे जो पेट्रोल खर्च से ज्यादा है। वहीं कई भाजपा नेता आज ई-वाहनों से भी पहुंचे और चित्र खिंचाया। दोनों ही प्रशिक्षण शिविर पर तय भाजपाई पहुंचते रहे, अपना रस्ट्रिेशन कराते रहे। यह प्रसिक्षण शिविर आज और कल दो दिन आयोजित किए जाएंगे। भाजपाई रात को इंदौर में ही रूकेंगे, नगर का प्रशिक्षण वर्ग एमआर-10 स्थित एचआर ग्रीन में आज सुबह शुरू हुआ। अलग-अलग सत्र में अलग-अलग भाजपाई वक्ता उद्बोधन देंगे।



कल सुबह योग सत्र का आयोजन होगा। फिर सत्र होंगे। जिला भाजपा का प्रशिक्षण शिविर एक्सोटिका होटल में पंजीयन के बाद शुरू हुआ। प्रदेश प्रभारी महेन्द्र सिंह पहले नगर के और फिर जिले के शुभारंभ पर पहुंचे। जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा, प्रभारी अजयसिंह नरूका, रामविलास पटेल मौजूद रहे यहां भी अलग-अलग सत्र में अलग-अलग वक्ता उद्बोधन देंगे। जिला में भी कल सुबह 6.30 बजे योग आयोजन होगा। नगर और जिले के जनप्रतिनिधि भी अपनी मौजूदगी दर्शा रहे हैं। दोनों मंत्रियों के भी उद्बोधन होंगे। दोनों जगह डिजिटल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। दोनों ही प्रशिक्षण शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ कल होगा।



# जल संकट से जूझ रहे शहर में रातों रात बह गया लाखों लीटर पानी

## जिंसी में नाले से गुजर रही नर्मदा लाइन फूटी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा जिंसी पर नाले से गुजर रही नर्मदा लाइन के फूटने के बाद लाखों लीटर पानी बह गया। निगम ने सुबह इस लाइन की मरम्मत की जबकि रात को ही यह लाइन फूट गई थी। जल संकट से जूझ रहे शहर में लाखों लीटर पानी नाले में बह गया।**



जिंसी क्षेत्र में निगम द्वारा रोड चौड़ीकरण के लिए तोड़फोड़ की गई थी। दूसरी ओर नाले पर बना ब्रिज पर भी चौड़ीकरण का काम शुरू हो चुका है। इस नाले से नर्मदा लाइन गुजर रही है। रात करीब 1 बजे यह लाइन फूट गई। लाइन फूटने के बाद इसकी सूचना निगम को भी दे दी गई थी। निगम की टीम मौके पर पहुंची लेकिन इसकी मरम्मत सुबह ही हो सकी। क्षेत्रीय रहवासियों ने बताया कि यह लाइन पहले भी फूट चुकी है लेकिन कल रात फिर एक बार फूट गई। एक रहवासी ने बताया कि लाइन तो कई सालों से फूटी हुई है लेकिन इसमें छोटा लीकेज ही था। इस लीकेज में लोग पाइप लगाकर पानी भर लेते थे। यही लीकेज अब बड़ा हो गया और रातभर इसमें से पानी बहता रहा।

## पानी भरने से पुल का काम रुका



जिंसी रोड चौड़ीकरण के लिए मकानों में तोड़फोड़ हो चुकी है। दूसरी ओर नगर निगम द्वारा पुल चौड़ीकरण काम भी शुरू कर दिया है, इसके लिए स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। कल रात लीकेज के कारण इस स्ट्रक्चर में भी पानी भर गया है जिसके कारण इसका काम भी रुक गया।



## बिजली के खम्बे पहुंचे, जल्द लगेंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

सड़क चौड़ीकरण के लिए जिंसी में तोड़फोड़ हो चुकी है। निगम द्वारा ड्रेनेज और अन्य लाइन डालने की तैयारी भी की जा रही है। इसी बीच बिजली विभाग ने रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा के समीप बिजली के खम्बे रख दिए। जल्द ही अब इसे लगाने का काम शुरू किया जाएगा।

# ऐतिहासिक विरासत के फोटो की प्रदर्शनी शुरू

## अहिल्या जयंती के अवसर पर निगम ने कराई फोटोग्राफी प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के मौके पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता कराई गई है। इस प्रतियोगिता में प्राप्त हुए ऐतिहासिक विरासत के फोटो की प्रदर्शनी का आज सुबह गांधी हाल में शुभारंभ किया गया।**



लोक माता मां अहिल्याबाई होलकर उत्सव 2026 के अवसर पर आज ऐतिहासिक गांधी हॉल में नगर निगम इंदौर एवं संस्था एक भारत के संयुक्त तत्वावधान में विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, भाजपा इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रदर्शनी में इंदौर की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को आकर्षक रूप से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर अहिल्या उत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित हमारा इंदौर फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की गई। प्रतियोगिता में शहर की सुंदरता, स्वच्छता, सांस्कृतिक विरासत एवं विकास को कैमरे में कैद करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कुलदीप केलवा, द्वितीय पुरस्कार राशि जैन तथा तृतीय पुरस्कार अंशुल वर्मा को दिए जाने की घोषणा की गई। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य फोटोग्राफरों को भी सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रदर्शनी में प्रदर्शित छायाचित्रों में इंदौर की स्वच्छता, ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों, प्राकृतिक सौंदर्य, सामाजिक गतिविधियों तथा शहर के विकास की झलक देखने को मिली।

## पार्षदपति पर महिला ने लगाए दोस्ती के लिए कहने का आरोप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के एक भाजपा पार्षदपति पर एक महिला ने पानी देने के बहाने दोस्ती करने का कहने का आरोप लगाया है, हालांकि सोशल मीडिया पर यह मामला चर्चा में बन गया, लेकिन इस मामले में कोई शिकायत नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक महिला अपने पति के साथ कल एरोड्रम थाना भी पहुंची थी। महिला ने आरोप लगाया है कि उसने पार्षदपति को पानी के टैंकर के लिए फोन लगाया था, जिसके बाद पार्षदपति घर पहुंचे और पानी पिलाने को कहा, जिसके बाद उन्होंने दोस्ती करने को कहा। इस पर महिला ने आपत्ति ली। मामला राजनीति से जुड़ा होने के कारण जब पार्षदपति को इस बात की जानकारी लगी कि महिला थाना पहुंच गई है, तो राजीनामे का दबाव बनाया गया। हालांकि इस मामले में फिलहाल कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# बदला मौसम... हुई बूंदाबांदी... रात में तेज बारिश की संभावना

### आज सहित तीन दिनों तक बनी रहेगी बीच-बीच में बदली

## तापमान में आई गिरावट फिर खिली धूप

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

करीब दो माह से शहर में जोरदार गर्मी हो रही है, 25 मई से नौतपा भी चल रहा है। लोग गर्मी से अब तंग आ गए हैं, ऐसे में आज अलसुबह मौसम ने करवट ली। शहर के कई इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई, जिससे तापमान में भी गिरावट आई। सुबह भी बादल छाए रहे, वहीं दिन चढ़ते ही धूप खिली। इसके पहले आज अलसुबह कल 4.45 बजे तो कुछ जगह 4 से 5 बजे के बीच तेज बूंदाबांदी भी हुई। अन्नपूर्णा क्षेत्र में बूंदाबांदी से ज्यादा पानी गिरा। पानी के साथ हवाएं भी चली, जिससे मौसम के तापमान में गिरावट भी आई। इधर लगातार बिजली विभाग मेंटनेंस का काम करता है, फिर भी हवा-पानी में बिजली कई जगह चली गई। मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज भी बदली बनती रहेगी और बीच-बीच में धूप रहेगी जिससे उमस बनी रहेगी। आज रात में पानी थोड़ा तेज गिरेगा। कुल मिलाकर आज सहित तीन दिनों तक धूप-छांव का मौसम बना रहेगा, जो कल ज्यादा रहेगा। इधर आज देवास में सुबह तेज बारिश के साथ चने बराबर कई जगह ओले भी गिरे।



# एक चौराहे पर लेफ्ट टर्न बनाने में खर्च होंगे 40 लाख

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

## निगम के अधिकारियों ने बनाई चौंकाने वाली योजना, अब होगा क्रियान्वयन

**इंदौर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा बनाई गई योजना के अनुसार अब केवल एक चौराहे पर लेफ्ट टर्न का विकास करने पर 40 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना को मंजूरी दे दी गई है और अब क्रियान्वयन की दिशा में पहल शुरू हो गई है।**

शहर में यातायात की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम के द्वारा विभिन्न चौराहे पर लेफ्ट टर्न का विकास किया जाता है। इसके पीछे कारण होता है कि जिन वाहन चालकों को लेफ्ट टर्न लेकर आगे की तरफ जाना हो उन्हें ट्रैफिक सिग्नल के लिए रुकना नहीं पड़े और वह आसानी से अपनी यात्रा में आगे बढ़ सके। अब जून के महीने में होने जा रहे ब्रिक्स देशों के प्रतिनिधियों के सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम की ओर से जिला प्रशासन और यातायात पुलिस की सलाह के आधार पर 10 चौराहे पर लेफ्ट टर्न का विकास करने का फैसला लिया गया है।

इस फैसले पर क्रियान्वयन के लिए तो अभी योजना का निर्माण करने का काम किया जाएगा। इसके पहले नगर निगम के द्वारा न्याय नगर चौराहे पर लेफ्ट पर विकास करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। निगम के द्वारा जो योजना तैयार की गई है उसके अनुसार केवल इस अकेले चौराहे पर लेफ्ट टर्न बनाने के काम पर करीब 40 लाख रुपए खर्च होंगे और इस काम में 6 महीने का समय लगेगा। निगम की ओर से इस चौराहे पर इस काम को अंजाम देने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस तैयारी के अनुसार जो भी ठेकेदार एजेंसी इस काम को अंजाम देना चाहेगी उसके माध्यम से इस काम को करवाया जाएगा इसके लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और 27 जून को एजेंसी को फाइनल करने की कोशिश की जा रही है। निगम के द्वारा कई चौराहे पर इस तरह का लेफ्ट टर्न विकसित करने का काम किया जाता है लेकिन एक चौराहे पर इतनी बड़ी राशि खर्च हो ऐसा अमूमन नहीं होता है। यह पहला मौका है जब निगम के द्वारा एक चौराहे पर ही मात्र लेफ्ट टर्न के विकास जैसे छोटे काम पर इतनी बड़ी राशि खर्च की जा रही है। इस बारे में निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस चौराहे पर बाधाएं ज्यादा होने के कारण उसके निर्माण में चुनौती भी है और काम भी ज्यादा करना पड़ेगा। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही इस खर्च को प्रस्तावित किया गया है। अब इस लेफ्ट टर्न के विकास के कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करवा कर पूर्ण करने पर ध्यान दिया जा रहा है।



# भाजपा नेता ने की रिक्शा चालक की ईमानदारी की तारीफ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट सागर कसेरा ने बताया कि रिक्शा चालक संतोष साहू के रिक्शा में उनके मित्र की माता ने सवारी की और उनका आईफोन रिक्शा में रह गया। फोन को ढूंढा गया, यह मान लिया था कि महंगा फोन है इसलिए वापस नहीं मिलेगा, पहले फोन पर घंटी दी तो फोन नहीं उठा, जब डेढ़ घंटे बाद पुनः घंटी दी गई तब रिक्शा चालक साहू की आवाज आई और उन्होंने बताया कि आपका मोबाइल ऑटो एमपी-09 बीक्यू 7971 में मिला है और वह सुरक्षित है। पता पूछकर रिक्शा चालक घर तक आया और घर पर फोन वापस किया उससे लगा कि अभी भी ईमानदारी जिंदा है। भाजपा नेता सागर कसेरा ने संतोष साहू की ईमानदारी पर साधुवाद दिया।

# पुलिया चालू नहीं हुई तो व्यापारी-रहवासी परेशान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** धार रोड स्थित सिरपुर खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास की क्षतिग्रस्त छोटी पुलिया का काम लम्बे समय से चल रहा है। ठेकेदार फर्म की लापरवाही की बात भी रहवासियों ने बताई और कहा कि व्यापारियों और रहवासियों को अम्बार नगर, सम्राट नगर, चंदूवाला रोड की पुलिया से काफी घूम कर जाना पड़ रहा है व्यापारियो दुकानदारो सब्जीवालों और अन्य दुकानदारों का धंदा चौपट हो गया। रहवासियों और वाहन चालकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जिससे आक्रोश छाया हुआ है। अगले माह स्कूल खुलने वाले है इससे विद्यार्थियों और पालकों को काफी परेशानी होगी।



# भैया-दादा के बैनर पोस्टर को निगम करेगा खत्म

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

***राजनीति चमकाने वाले बैनर पोस्टर निकालकर अब नहीं बनाया जाएगा पहाड़, नगर निगम ने बैनर पोस्टर रीयूज करने वाला लगाया प्लांट, मालवा मिल ब्रिज के नीचे से हटेगा बैनर के कचरे का ढेर***

इंदौर में अपनी राजनीति चमकाने का सबसे सशक्त और बड़ा माध्यम बैनर पोस्टर है। किसी भी नेता की राजनीति की शुरुआत भैया दादा के बैनर पोस्टर लगाने से होती है। राजनीति की यह पहली पाठशाला है जो जितने ज्यादा पोस्टर बैनर लगता है वह उतना आगे जाता है इंदौर का तो यही हिसाब किताब है।।यहां तीज त्योहार से लेकर राजनीतिक आयोजनों तक के पोस्टर हजारों की संख्या में सड़कों, खम्बे और इमारत पर टांग दिए जाते हैं। चाहे फिर वह शहर को बदसूरत ही क्यों ना करें यह हमारे शहर का दस्तूर है। सालों से इसको लेकर शहर में बहस चल रही है कुछ नेताओं ने शहर की इस बदसूरती को देखते हुए थोड़ी शर्म की और अपने पोस्ट नहीं लगाने की हिदायतें अपने समर्थकों को दे दी। नगर निगम भी शहर से बैनर पोस्टर निकाल-निकाल कर पस्त हो चुका था, क्योंकि मालवा मिल ब्रिज के नीचे नगर निगम पूरे शहर से निकालकर एकत्र कर लेता है जिसके कारण यहां एक बड़ा ढेर तैयार हो चुका है। लेकिन नगर निगम ने भी घर नहीं मानी और एक ऐसा तरीका खोज निकाला, जिससे अब भैया दादा के बैनर पोस्टर का कचूमर निकाल कर उसको पुनः उपयोगी बना लिया जाएगा।

इंदौर शहर को बदरंग करने वाले बैनर पोस्टर अब ज्यादा समय तक सड़कों पर नहीं लगे रहेंगे इन्हें निकालकर सीधा क्रश मशीन में डाला जाएगा । इसके बाद बैनर पोस्टर का मटेरियल बनाने के लिए कच्चा माल तैयार हो जाएगा। नगर निगम ने फिलहाल या अनूठी पहल करते हुए एक टन प्रतिदिन बैनर पोस्टर क्रश करने की क्षमता वाला प्लांट लगा लिया है जिसमें एक दिन में 1 टन बैनर पोस्टर क्रश करके कच्चा माल बनाया जा सकता है। इंदौर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि नगर निगम लंबे समय से बैनर पोस्टर के कचरा के रीयूज उसे को लेकर निष्पादन प्रक्रिया को खोज रहा था। क्योंकि इंदौर की सड़कों से बड़ी संख्या में बैनर पोस्टर हर साल निकल जाते हैं जिनकी संख्या लगभग 5 करोड़ बैनर पोस्टर के आसपास होगी। एक बार प्रयोग होने के बाद इनका दोबारा उपयोग किसी काम में नहीं हो पता था इसीलिए इन्हें एकत्रित करना भी नगर निगम के लिए मुश्किल हो रहा था इसी समस्या को देखते हुए एक प्लांट लगाया गया है। जिसके माध्यम से बैनर पोस्टर बनाने में उपयोग होने वाला पीवीसी कॉटन बनाया जा सकता है, इसी को बैनर बनाने में उपयोग किया जाएगा।

# सवर्ण सेना द्वारा ईडब्ल्यूएस विषय को लेकर क़ल हल्ला बोल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सवर्ण सेना द्वारा ईडब्ल्यूएस विषय को लेकर इसमें स्वर्ण वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है उसका सर्टिफिकेट बनवाने के लिए डेढ़ से दो महीने का समय लगता है उसको एकल खिड़की प्रणाली और राजस्थान और गुजरात के अंदर जैसे सर्टिफिकेट की वैद्यता 3 साल रखी गई है उस तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी एक बार सर्टिफिकेट बनाने पर 3 साल के लिए मान्य रहना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए इंदौर नगर और पूरे प्रदेश के प्रमुख नगरों में एक हॉस्टल का निर्माण किया जाना चाहिए जैसा की अन्य वर्ग के लोगों के लिए किया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा हेतु जैसे पिछड़ा वर्ग को 1500 के 10000 दिए गए हैं उसी तर्ज पर ईडब्ल्यूएस के विद्यार्थियों को भी 10000 दिया जाना चाहिए। नमन दुबे, मनीष निगम, बंटी सिसोदिया, धर्मेंद्र गौतम, सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि कल सुबह 10.30 बजे जिलाधीश कार्यालय में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। उक्त जानकारी सवर्ण सेना के राजकुमार मंत्री द्वारा दी गई।

**कल सुबह होगा जिलाधीश कार्यालय पर विरोध का आयोजन**

# टैक्स वृद्धि के विरोध में आप का ज्ञापन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



आम आदमी पार्टी,द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर लगाए गए भारी टैक्स, परमिट शुल्क एवं अन्य करों के विरोध में टैक्स कमिश्नर, मध्यप्रदेश को ज्ञापन सौंपा गया। बढ़ते डीजल-पेट्रोल के दाम से बढ़ती महंगाई, बढ़ते ट्रांसपोर्ट के भाड़ा का भी मुद्दा उठाया। मध्यप्रदेश में पेट्रोलियम पदार्थों पर लगभग 29प्रतिशत वैट टैक्स सहित विभिन्न करों के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों एवं वाहन चालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने मांग की कि पेट्रोल एवं डीजल पर लगाया गया 29प्रतिशत वैट टैक्स समाप्त किया जाए। पेट्रोलियम पदार्थों पर लगाए गए अन्य अतिरिक्त करों में कमी की जाए। परिवहन वाहनों पर लगाए जाने वाले परमिट शुल्क समाप्त किए जाएं। टोल टैक्स में राहत देते हुए अनावश्यक टोल वसूली बंद की जाए। पार्टी का कहना है कि लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों का सीधा असर आम जनता के दैनिक जीवन, परिवहन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। सरकार को जनहित में तुरंत निर्णय लेकर जनता को राहत प्रदान करनी चाहिए।







# कसेरा बाजार स्कूल में समर कैम्प की हुई शुरूआत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल स्कीम नं. 71 गुमाश्ता नगर में नए सत्र की शुरूआत के पहले स्कील बूस्टर समर कैम्प की शुरूआत आज से हुई। आज पहले दिन माँ सरस्वती का पूजन कर अलग-अलग विधाओं में विद्यार्थियों को महारथ हासिल कराने के लिए अध्यापकों की जिम्मेदारी भी तय की गई थी। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर ने बताया कि आज सुबह से डांस, म्यूजिक, कराटे, हैंड राइटिंग इक्रीमेंट, पेंटिंग विथ क्राफ्ट आइडियाज, क्ले आर्ट, मॉडर्न आर्ट, फोग पेंटिंग, योगा, स्केटिंग, सेल्फ डिफेंस और पर्सनलिटी डेवलपमेंट सहित अन्य विधाओं को सिखाना शुरू किया गया। यह समर कैम्प 13 जून तक स्कूल विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क संचालित किया जा रहा है।



# माहेश्वरी महिलाओं का धार्मिक और सेवाकार्य

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अधिक मास के पावन अवसर पर श्री बालाजी क्षेत्र महेश्वरी महिला संगठन एवं ट्रस्ट द्वारा दो दिवसीय धार्मिक एवं सेवा कार्यों के आयोजन में प्रथम दिन माँ नर्मदा तट पर पवित्र स्नान, दीपदान एवं चुनरी महोत्सव का आयोजन किया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने इस धार्मिक आयोजन में शिरकत की। वृद्धाश्रम में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन भी किया। वृद्धों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन भी किया गया। माधुरी सोमानी, आशा अजमेरा, नीरू आगार, हर्षिता माहेश्वरी ने उक्त जानकारी दी।**

# आरएनटी मार्ग मुद्दे पर जनहित पार्टी के साथ जन भी जुड़े




**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आरएनटी मार्ग छावनी रोड चौड़ीकरण में हुई तोड़फोड़ का व्यापक विरोध दुकानदार और रहवासी कर रहे हैं। कई राजनीतिक पार्टियों ने भी इसका विरोध किया। अब जनहित पार्टी ने कल इस क्षेत्र में पहुंचकर लोगों के हित की बात की और लोगों को इकट्ठा भी किया। आज शाम 6 बजे छावनी चौराहा से जनहित पार्टी जन को जोड़कर न्याय यात्रा निकालेंगी। ज्योतिषाचार्य एमके जैन ने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कहा गया कि छावनी क्षेत्र के रहवासी एवं व्यापारियों की नीजि सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का पुरजोर विरोध किया जायगा। साथ ही श्री अनन्तनाथ जिनालय जैन मंदिर एवं अन्य मंदिरों पर अन्याय पूर्वक कार्यवाही का विरोध रहवासियों के साथ मिल कर किया जायेगा। कल भी जनहित पार्टी के पदाधिकारी और सदस्य आरएनटी मार्ग छावनी क्षेत्र में पहुंचे थे।

# कुलाधिपति कोठारी ने की देवगन से मुलाकात



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रैनेसा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वप्निल कोठारी ने प्रसिद्ध अदाकार अजय देवगन से उनके मुंबई निवास पर मुलाकात की। कई मुद्दों पर चर्चा भी हुई। देवगन ने कोठारी द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक और अन्य कार्यों की प्रशंसा भी की।

# 21 महिलाओं को कल गौरव अलंकरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सत्कार कला कल्याण समिति द्वारा अहिल्या माता की जयंती पर 21 महिलाओं को देवी अहिल्या नारी गौरव अलंकरण से सम्मानित जालसभागृह में कल सुबह 11 बजे से किया जाएगा। डॉ. सरिता राव, विजय पारेख, पुरुषोत्तम वाघमारे ने बताया कि अतिथि कीर्ति खुरासिया, डॉ. मालासिंह ठाकुर होंगी।



# सकोरे बांटने के साथ शपथ भी ली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मेघदूत गार्डन में सारिता दीक्षित ने सकोरे वितरण का आयोजन किया। सभी को अपनी छत, बालकनी, आंगन में पक्षियों के लिए पानी और संभव हो सके तो दाना रखने की गुहार करते हुए शपथ दिलाई। हम छोटी-सी कोशिश से पक्षियों की जिंदगी बचा सकते हैं।**

# भागवत कथा में मना नंदोत्सव





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। पल्हर नगर स्थित गीतांजलि रेजीडेंसी में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान नंदोत्सव मनाया गया। श्रद्धालुओं ने कथा वाचक पं. मयंक व्यास के मुखारबिंद से भागवत कथा के अलग-अलग प्रसंगों का श्रवण किया। कल कथा का समापन होगा। कथा का आयोजन ठाकुर श्री गिरिराज फाउंडेशन द्वारा करवाया जा रहा है।**

# पर्यावरण को लेकर कल सुबह महारैली

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

पर्यावरण प्रेमी मंच द्वारा कल अनियोजित विकास और पर्यावरण विनाश के चलते विनाश की चेतावनी को लेकर महारैली का आयोजन कल सुबह 8 बजे छोटा गणपति स्थित मल्हारगंज थाने के सामने से किया जाएगा। संस्था जीवन प्रवाह के प्रकाश सोनी ने बताया कि रैली एमजी रोड पर गौराकुण्ड, खजूरी बाजार होते हुए राजवाड़ा पहुंचेगी। अहिल्या माता प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया जाएगा और शासन नगर निगम को सद्‌बुद्धि देने के लिए ज्ञापन भी दिया जाएगा। सोनी ने बताया कि पर्यावरण के विनाश के कंधों पर विकास के बजाय संतुलित और नियोजित विकास किया जाना चाहिए यही नहीं शहर के प्राचीन पूर्व बावड़ियों तालाब से अतिक्रमण हटाकर आने वाली पीढ़ी के लिए जल स्त्रोत सुनिश्चित करना चाहिए। इस रैली में पर्यावरण चिंतक और संत-महंत भी मौजूद रहेंगे। सरयु वाघमारे, दादू महाराज, पवनदास महाराज, ओपी जोशी, डॉ. दिलीप वाघेला, शेखर गिरी, श्यामसुन्दर यादव, राजेन्द्र स्वर्णकार, प्रकाश सोनी, ब्रजेन्द्र नीमा, शीतल चौधरी, धनिराम कोष्ठी के अलावा कई संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्य भी मौजूद रहेंगे। इस रैली के लिए बैठक भी आयोजित की गई और कार्यविभाजन भी किया गया।



# विद्याधाम की कथा में आज रूक्मणी विवाह प्रसंग होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गुमाश्ता नगर में रहने वाले मोहन सोढानी, मधुसूदन सोढानी ने बताया कि पूर्वज छगनलाल नन्दलाल सोढानी की स्मृति में विद्याधाम मंदिर में भागवत कथा का रसपान दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक शास्त्री राहुल कृष्ण शर्मा करवा रहे हैं। कल भी कथा में मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित चित्रण का रसपान किया आज शाम रूक्मणी विवाह का आयोजन पूरे चित्रण के साथ होगा, जिसका रसपान और दृश्य मौजूद श्रद्धालु देखेंगे। कल कथा का समापन होगा, प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा।



# फूलबंगले में सजे भगवान नरसिंह





**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रातः कालीन विद्वान ब्राह्मणों द्वारा दूध दही शहद पंचामृत से निर्मित कर भगवान का श्री सूक्त व पुरुष सूक्त के द्वारा रजत कलश द्वारा किया गया महाभिषेक। इस अवसर पर भगवान को नयी पोशाक पहनाकर भगवान का विभिन्न पुष्पों से किया गया श्रृंगार। पुजारी छोटेलाल शर्मा ने बताया कि सुबह 108 दीपो से भगवान की काकड़ा आरती के पश्चात दोपहर 12 बजे भगवान की उत्सव आरती की गई उसमें दूध दही माखन पंजीरी का प्रसाद वितरण किया गया ।शाम के सत्र में आचार्य मोहित शर्मा द्वारा भगवान का दोबारा रजवाड़ी श्रृंगार किया गया।शाम 6 बजे फूल बंगले में विराजे लक्ष्मी नरसिंह भगवान हिरण्यकश्यप का वध करते हुए प्रहलाद की रक्षा हेतु मंडप में भगवान के स्वरूप की विशेष साज सज्जा की गई। श्रद्धालुओं ने प्रभु के दर्शन भी किए और तीन परिक्रमा भी लगाई। प्रसाद गोष्ठी का वितरण भी किया गया।

# श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का उत्सव, ग़ीता भवन में आज कथा का शाम को समापन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद ने शुक्रवार को गीता भवन सत्संग सभागृह में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के छठे दिन रुक्मणी विवाह सहित विभिन्न प्रसंगों का चित्रण संजय मंगल द्वारा मंगल परिवार के इस धार्मिक आयोजन में किया। भगवान के विवाह के दृश्य पर श्रद्धालुों ने कीर्तन पर नृत्य किया। भगवान के जयघोष भी लगे। व्यासपीठ का पूजन संजय-किरण मंगल, बिनोद-सुनीता अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, अविरल मंगल, राजेश जैन स्विफ्ट, अशोक ऐरन,



नंदकिशोर कंदोई, कमल गोयल, राजेश गर्ग, शिव जिंदल, गोपाल अग्रवाल, विकास अग्रवाल आदि ने किया। संजय मंगल ने बताया कि आज कथा का समापन होगा और आज दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक सुदामा चरित्र प्रसंग का फूलों की होली के साथ होगा। अगवानी अवनि-अनंत अग्रवाल, विनीता-अक्षत अग्रवाल, दीपचंद गर्ग मोमबत्ती, चंचल अग्रवाल आदि ने की।

# ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र का रजत जयंती महोत्सव



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज गांधीनगर सेवाकेंद्र की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती महोत्सव पर कलश यात्रा निकाली गई। जन-जन तक दिव्य शिव संदेश पहुँचाया तथा आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया। शुभांगी दीदी, आरती दीदी, कांतेश्वरी, सुनील मग्गीवाल, सुभाष सुनेरसिंह, फूलचंद पांडे, सुरेश गुप्ता, सुनीता दीदी, रेवती दीदी, ज्योति दीदी, दुर्गा दीदी सहित अन्य मौजूद थे।



# जैन महिला परिषद की सभा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन महिला परिषद् पूर्वी क्षेत्र की साधारण सभा तिलक नगर स्थित त्रिस्तुतिक उपाश्रय में हुई। मिनिट्स के वाचन के बाद तम्बोला आयोजित किया गया। नई कार्यकारिणी की घोषणा में प्रिया-राजेश जैन युवा को अध्यक्ष तथा स्नेहलता डुंगरवाल को सचिव पद पर निर्वाचित किया गया। बैठक में आगामी द्वि-शताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास को सफल बनाने हेतु महिला परिषद् की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई एवं विभिन्न जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं। इस अवसर पर राखी रांका, अलका सुराणा, श्वेता सोनगरा, सुभद्रा सकलेचा, सुभद्रा लुंकड़, सुनीता जैन, मधु पोखरना, अनिता जैन एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



## जैन युवाओं को जोडने के लिए टूर्नामेंट

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** टर्फ द विंग्स पर कल शाम 7 बजे दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित जैन समाज के आयोजन क्रिकेट का महाकुंभ युवा प्रीमियर लीग सीजन 3 का शुभारंभ किया गया। विनय बाकलीवाल, महावीर जैन, संदीप जैन, सुरेन्द्र जैन बाकलीवाल, डी.के. जैन, नकुल पाटोदी, जैनेश झांझरी, अंकुल पाटोदी, पवन जैन, प्रवीण पाटनी सहित अन्य मौजूद थे। महावीर जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में 48 टीमें भाग ले रही है। समाज के युवाओं को क्रिकेट के माध्यम से जोडा जा रहा है।

# गौशाला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इंदौर जिले के ग्राम आशापुरा में विकसित की जा रही वृहद गौशाला का कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों के दल के साथ निरीक्षण किया। ग़ौशाला में निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला निर्माण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए, ताकि इसका लाभ जल्द से जल्द गौवंश संरक्षण एवं सेवा के लिए मिल सके। यहां बड़ी गौशाला विकसित की जा रही है। यहां लगभग 10 हजार गौमाताओं के निवास और देखभाल की व्यवस्था की जा सकेगी। सब कुछ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर आशापुरा गौशाला में हो रहा है। गौशाला परिसर में नक्षत्र वाटिका का भी विकास किया जा रहा है, जिससे यह क्षेत्र गौसंवर्धन, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का एक आदर्श केंद्र बनेगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने समीप के ग्राम बड़गोनंदा में प्राचीन काल की बावडी का अवलोकन भी किया। इस बावड़ी का जीर्णोद्धार भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कराया जा रहा है।

# सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव में सजेगा भगवती दरबार

**मंदिरों में दिया आयोजन का निमंत्रण**

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर 4 जून को सिद्ध श्रीचक्र साधना महोत्सव का आयोजन श्री श्रीविद्याधाम के ब्रह्मचारी आचार्य प्रशांत के निर्देशन में होगा। नरसिंह वाटिका में इस मौके पर माँ भगवती का दरबार भी सुश्रृंगारित किया जाएगा। इस अनुष्ठान में भगवान विष्णु एवं महालक्ष्मीजी के श्रीयंत्र का विशेष पूजन-अर्चन होगा, कन्या पूजन, सौभाग्यवती पूजन एवं ब्राह्मण पूजन का भी शास्त्रोक्त विधि से पालन होगा। आयोजन का पहला न्योता उज्जैन में महाकालेश्वर, माँ हरसिद्धि, इंदौर में माँ त्रिपुर सुंदरी भगवती के चरणों में समर्पित किया गया। आचार्य ब्रह्मचारी प्रशांत ने बताया कि 4 जून को अपराह्न 4 बजे से प्रख्यात भजन गायकों द्वारा माँ भगवती के दरबार को श्रृंगारित कर वहां भजनों की प्रस्तुति के पश्चात शाम 5 बजे से संध्याकालीन साधना विधान प्रारंभ होगा जिसमें 21 वेदपाठी बटुक एवं 11 अन्य विद्वान विधि विधान पूर्वक श्रीचक्र साधना क्रम का शुभारंभ करेंगे। अनुष्ठान में शामिल मातृशक्ति को पीताम्बर अथवा रक्त वर्ण साड़ी तथा पुरुष वर्ग को श्वेत धोती-कुरता या पायजामे के परिधान में आना होगा। पूजन-अर्चन में लगने वाली सभी सामग्री साधकों को अनुष्ठान स्थल पर ही उपलब्ध रहेगी। शहर एवं देश में व्याप्त भीषण जलसंकट को देखते हुए सभी साधकों को विद्वानों द्वारा माँ भगवती की साक्षी में पानी की बूंद-बूंद की रक्षा करने और जीवदया के उद्देश्य से मूक परिंदों के लिए अपने घर-आँगन में दाना-पानी रखने के संकल्प भी इस महोत्सव में दिलाएंगे। करीब 2 घंटे चलने वाले इस आयोजन में शाम 7 बजे से सौभाग्यवती पूजन, कन्या पूजन एवं ब्राह्मण पूजन के बाद शाम 7.30 बजे देश के प्रमुख धर्मस्थलों से आने वाले संत-विद्वानों के आशीर्वचन एवं महाआरती तथा महाप्रसाद के साथ समापन होगा। नरसिंह वाटिका परिसर में होने वाले इस आयोजन में करीब 500 साधकों के शामिल होने का अनुमान है क्योंकि लम्बे अरसे बाद होने वाले इस अनुष्ठान के लिए इन्दौर में भी रणजीत हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरों में भगवान को निमंत्रण दिया जो आगे भी जारी रहेगा।

# रक्तदान शिविर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** क़म्पनी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर हुए रक्तदान शिविर में कम्पनी के कर्ताधर्ता और



कर्मचारियों ने रक्तदान किया। 30 से अधिक यूनिट एकत्रित रक्त से मानव सेवा का आयोजन होगा।

# किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन जानकारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस अवसर पर जीवन ज्योति हॉस्टल राऊ, सिविल चिकित्सालय महू सहित स्वास्थ्य विभाग की समस्त



शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित मोबाइल हेल्थ टीमों द्वारा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों एवं छात्रावासों में किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। कार्यक्रम में बताया गया कि आज भी समाज के अनेक हिस्सों में माहवारी को लेकर भ्रांतियां एवं संकोच की भावना विद्यमान है। विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में किशोरियों एवं महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन भी वितरित किए गए।

# सर्विस सेंटर तक मिलेगी नई सड़क की सौगात

**इंदौर।** एशिया की सबसे बड़ी कॉलोनी सुदामा नगर के ई-सेक्टर में शंकराचार्य द्वार से टोयोटा कार सर्विस सेंटर तक के बड़े हिस्से में क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा यहां करीब 50 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर बेहद जल्द क्षेत्र के रहवासी परिवारों की मांग पर नवीन सीमेंटेड सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की तैयारी है। जिसके लिए निविदा भी जारी कर दी गई है। यही नहीं अगले माह में काम भी शुरू करवाने की तैयारी है ताकि यहां से आने-जाने वालों को बारिश के सीजन में परेशानी न हो।

**लंबे समय से क्षेत्र के रहवासी कर रहे थे नई सड़क की मांग-** वहीं बड़ी

## 50 लाख से ज्यादा खर्चकर सुदामा नगर ई-सेक्टर में बड़ी राहत



बात यह है कि सुदामा नगर क्षेत्र के रहवासियों द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लंबे समय से मांग की जा रही थी। इसके बाद निगम ने यहां के लिए निविदा संबंधित तमाम प्रक्रिया और प्रोसेस शुरू कर अब जल्द काम शुरू करने की तैयारी है। यहीं नहीं बारिश से पहले काम शुरू हो जाने से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में बड़ी सोहलियत होगी। जबकि अभी यहां शंकराचार्य द्वार से लेकर सर्विस सेंटर तक की मुख्य सड़क की स्थिति ज्यादा खराब है। जिससे क्षेत्र के रहवासियों के साथ यहां से रात-दिन गुजरने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। नई सड़क बनने से सभी को बड़ी राहत मिलेंगी।

# दुर्घटना रोकने के लिए सेंट्रल डिवाइडर और लाइटिंग की तैयारी

## निरंजनपुर चौक से टाटा शोरूम मांगलिया रोड तक चाक चौबंद करेगा सुरक्षा व्यवस्था

**इंदौर।** अब पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) पुराने एबी रोड निरंजनपुर चौक से मांगलिया रोड पर टाटा शोरूम के सामने तक के बड़े हिस्से में आए दिन होने वाली छोटी-मोटी दुर्घटनाएं और हादसे रोकने के लिए इस मार्ग पर लगभग 7 किलोमीटर लंबे हिस्से में सेंट्रल डिवाइडर का नव निर्माण के साथ इस मार्ग पर रोशनी के लिए 200 से ज्यादा नए बिजली के पोल लगाकर उन पर तेज रोशनी वाली सेंट्रल लाइटिंग लगाने की भी तैयारी कर रहा है। जिसके लिए पीडब्ल्यूडी ने बकायदा टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

**सालों बाद पुराने एबी रोड़ की सुध लेकर पीडब्ल्यूडी शुरू करेगा सुरक्षा पर काम-** पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक पुराने एबी रोड पर सुरक्षा व्यवस्था चाक



चौबंद करने के लिए विभाग द्वारा साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से सालों बाद इस मार्ग की सुध लेते हुए अब यहां की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखते हुए सबसे पहले इंदौर देवास रोड़ पर बीच के हिस्से में मजबूत सीमेंटेड डिवाइडर का निर्माण करने और फिर रोशनी के लिए सड़क के बीच के हिस्से में सेंट्रल लाइटिंग के लिए बड़े हिस्से में नए इलेक्ट्रिक पोल लगाकर उन पर आकर्षक सेंट्रल लाइटिंग भी लगाई जाएगी। जिसको लेकर पीडब्ल्यूडी अफसरों ने निविदा संबंधित प्रक्रिया के साथ विभागीय तैयारी भी शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही हाथों-हाथ बेहद जल्द काम भी शुरू कर दिया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में इंदौर से देवास की ओर जाने वाले मांगलिया होते हुए पुराने एबी रोड़ के मुख्य मार्ग पर निरंजनपुर चौक से टोयोटा शोरूम तक बीच में दुर्घटना रोकने के लिए मजबूत डिवाइडर निर्माण के साथ आकर्षक सेंट्रल लाइटिंग लगने से इंदौर देवास का यह मुख्य मार्ग भी जगमगा उठेगा। साथ ही इस मार्ग पर आए दिन होने वाली दुर्घटना और हादसों से भी आमजन को मुक्ति मिलेगी।

# नवल किशोर शर्मा से मिले याचिकाकर्ता कुलदीप तिवारी

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भोजशाला आंदोलन के सबसे बड़े चेहरे तथा इस आंदोलन को जन आंदोलन मे तब्दील करने वाले धार संघ के पूर्व जिला प्रचारक नवल किशोर जो अब राम दास जी महराज उर्फ मौनी बाबा के रूप मे जाने जाते है, गत दिनों भोजशाला को लेकर इंदौर हाईकोर्ट से आए फैसले के बाद धार पधारे भोजशाला को लेकर प्रथम याचिका लगाने वाले लखनऊ निवासी कुलदीप तिवारी ने नवल किशोर शर्मा से उनके आश्रम मे मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, नवल किशोर



शर्मा ने कई बार कुलदीप तिवारी पीठ थपथपाई और गले लगाकर अपने भाव व्यक्त किए, वैसे तो समुचा जिला सहित पूरा प्रदेश नवल किशोर शर्मा के भोजशाला मे दिए अपने योगदान को जानता है।

## पूनम बल्दवा को राष्ट्रीय इकाई में जगह



**धार (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** धार जिले के बाग में रहने वाली पूनम-राजेश बल्दवा को अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की सदस्य बनाया गया है। बताया जा रहा है कि जिले में इतनी बड़ी उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर की महिला संगठन में पहली बार मिली है। धार माहेश्वरी समाज के अलावा इन्दौर माहेश्वरी समाज और महिला मंडल ने पूनम-राजेश बल्दवा को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

# 15000 एलईडी लाइट और लगेगी

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम द्वारा आने वाले दिनों में शहर के सभी 85 वार्डों में जहां जैसी जरूरत है वहां उस हिसाब से करीब 15000 से ज्यादा नई एलईडी लाइटों की जगमगाहट करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा हाल ही में निविदा जारी कर प्रमुख क्षेत्र में नवीन एलइडी स्ट्रीट लाइट लगाने और संबंधित क्षेत्र का अंधेरा दूर करने के लिए टेंडर संबंधित प्रक्रिया शुरू कर अपनी ओर से तैयारियां शुरू कर दी है।

**सबसे पहले लंबे समय से खाली बिजली के पोल पर लगाएंगे नई लाइटिंग-** वही खास बात यह है कि निगम द्वारा नई लाइटिंग की खरीदी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सबसे पहले नई कालोनियां और अन्य प्रमुख क्षेत्र में जहां बिजली के पोल

## *नई और पुरानी कॉलोनियों में जहां लंबे समय से पड़े हैं खाली पोल अब वहां नजर आएगा उजाला*



खाली पड़े है वहां सबसे पहले एलइडी लाइटिंग लगाने की तैयारी है। इसके अलावा सभी वार्डों में जहां जैसी जरूरत है उस हिसाब से प्राथमिकता के साथ नई एलइडी लाइटिंग लगाई जाएगी। साथ ही इसके अलावा लंबे समय से बंद और खराब लाइटिंग को बदलकर नई एलाइडी लाइटिंग लगाने की निगम के विद्युत विभाग द्वारा पहले से तैयारी कर रखी है। वहीं अब निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद निगम लंबे समय से लाइटिंग लगाने के बंद काम को एक बार फिर से शुरू करने की तैयारी में है।

# धार के सिंघम एसपी सचिन शर्मा का सनातनी और आध्यात्मिक रूप

## भगवान धारनाथ का किया दुग्धाभिषेक

**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)।** धार के नंवागत एसपी जो अपनी कार्यप्रणाली के चलते समूचे जिले सहित प्रदेशभर मे सिंघम के रूप मे जाने है,जिनके हालिया हुए विडिओ वायरल ने उन्हें देशभर मे सुर्खिओ मे ला दिया था, धार के एसपी सचिन शर्मा अपनी कड़क कार्यप्रणाली के साथ-साथ अपनी अनूठी जीवनशैली के लिए हमेशा चर्चा में रहते हैं,हाल ही में उनका एक नया और शांत रूप सामने आया एसपी सचिन शर्मा ने धार के ऐतिहासिक और प्रसिद्ध भगवान धारनाथ मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की एंव भगवान शिव का पूर्ण विधि-विधान और सनातन परंपरा के अनुसार जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया,इस दौरान उन्होंने जिले में शांति, कानून व्यवस्था और आम जनता की खुशहाली के लिए प्रार्थना की,सचिन शर्मा को मध्यप्रदेश में एक सख्त और दबंग पुलिस अधिकारी के रूप में जाना जाता है,उनके कई रूप सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं अपराधियों में खौफ और कानून का राज स्थापित करने के लिए उनकी कार्यशैली बेहद चर्चित है,सोशल



मीडिया पर उनका एक वीडियो खूब वायरल हुआ था, जिसमें वे कमर से भारी-भरकम टायर बांधकर दौड़ते नजर आए थे,इसी बीच कड़क ड्यूटी के बीच उनका यह सनातनी और आध्यात्मिक रूप यह दिखाता है कि वे अपनी संस्कृति और जमीन से भी गहराई से जुड़े हुए हैं,पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा इन दिनों अपनी सख्त कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरे मध्य प्रदेश में चर्चा का विषय बने हुए हैं, हाल ही में धार के ऐतिहासिक भोजशाला मामले में हाई कोर्ट के फैसले के बाद, उन्होंने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और असामाजिक तत्वों को बेहद कड़े लहजे में चेतावनी दी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें 'सिंघम एसपी' के रूप में काफी सराहना मिल रही है, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के भोजशाला को लेकर फैसले के बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने खुली जीप से घोषणाएं कीं और खुद घोड़े पर सवार होकर पेट्रोलिंग की, उन्होंने माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को साफ शब्दों में चेतावनी दी गुरुवार शाम तक का समय उनका था, अब सिर्फ कानून का पालन होगा,जिसमें हिम्मत है, वह माहौल खराब करके दिखाए।

संपादकीय

# सेना के सहारे परीक्षाः 22 लाख सपनों के बीच व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट-यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। नीट प्रश्नपत्र लीक प्रकरण ने परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता, जवाबदेही और शुचिता को लेकर गंभीर बहस खड़ी कर दी है। किसी भी परीक्षा के दौरान अगर प्रश्नपत्र लीक होता है या अन्य कोई गड़बड़ी होती है, तो इसका मतलब यही है कि उसके संचालन से जुड़ा तंत्र परीक्षा की शुचिता को सुनिश्चित कराने में नाकाम रहा। हाल ही में प्रश्नपत्र लीक होने के बाद नीट-यूजी परीक्षा को जिस तरह रद्द किया गया, उससे साफ है कि पहले हुई ऐसी कई घटनाओं के बावजूद आयोजन में हर हाल में शुचिता तय करने को लेकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने जरूरी सबक नहीं सीखा। नतीजतन, नीट की परीक्षा के प्रश्नपत्र फिर अवैध रूप से बाहर हुए और ऊंची कीमतों पर बेचे गए। विडंबना यह है कि इस भ्रष्ट लेन-देन और इसके जरिए परीक्षा में कामयाब होने की कोशिश करने वाले कुछ लोगों की करतूतों का खमियाजा करीब बाईस लाख उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ा, जिन्होंने ईमानदारी से अपनी मेहनत के बूते परीक्षा दी थी। ऐसे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की पीड़ा प्रश्नपत्र लीक करने और उसका फायदा उठाने वाले गिरोहों की हरकत के खुलासे से उपजे शोर में दब कर रह गई। विचित्र है कि इस घटना की परतें खुलने के बाद शीर्ष स्तर पर इसकी जिम्मेदारी तय करने तथा संचालन के तंत्र में पाई गई खामी को पूरी तरह दुरुस्त करने या इस मसले पर अधिकतम सख्ती बरतने के बजाय सुरक्षित तरीके से परीक्षा कराने के लिए अब सेना का सहारा लेने की खबर आई है। यानी एक तरह से यह स्वीकार कर लिया गया है कि सरकार का मौजूदा तंत्र इस परीक्षा का स्वच्छ तरीके से संचालन कर पाने में सक्षम नहीं है और इसीलिए सेना के सहारे नीट-यूजी परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। गौरतलब है कि नीट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने से जुड़े मामले में पूरी प्रक्रिया की समीक्षा के लिए हुई बैठक में प्रश्नपत्र तैयार करने और उनकी छपाई से लेकर परिवहन, सुरक्षा और परीक्षा केंद्र तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इसके बाद अब 21 जून को दोबारा होने वाली नीट परीक्षा में प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए वायुसेना की मदद लेने पर सहमति बनी। अगर यह प्रस्ताव अमल में आता है, तो किसी राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के आयोजन और संचालन में सेना के औपचारिक रूप से शामिल होने का यह पहला मौका होगा। सवाल है कि इससे पहले नीट या अन्य परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों का उदाहरण सामने होने के बावजूद यह स्थिति आखिर क्यों पैदा हुई कि सरकार को परीक्षा के स्वच्छ संचालन के लिए अपने तंत्र और पुलिस पर भरोसा नहीं रहा। हालांकि खबरों के मुताबिक सेना की भूमिका केवल लॉजिस्टिक समन्वय, आपातकालीन स्थितियां पैदा होने या मौसम में तेज उतार-चढ़ाव के बीच सुरक्षित परिवहन तक सीमित रहने की बात कही गई है और परीक्षा की निगरानी सेना से नहीं कराई जाएगी। मगर यह देखने की बात होगी कि सेना की मदद का दायरा क्या होता है।

# नायता मुंडला में बिना लाइसेंस अवैध रूप से रखा था विस्फोटक सामान

## भीषण आग मामले में दुकान मालिक और किरायेदार पर केस दर्ज

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला में बीते दिनों एक दुकान में लगी भीषण आग के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच के बाद पुलिस ने दुकान मालिक और किरायेदार के खिलाफ अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण करने और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने के आरोप में केस दर्ज किया है। इस लापरवाही के कारण लगी आग में आसपास की दुकानों और एक जिम को भारी नुकसान पहुंचा था।

पुलिस के अनुसार, घटना सनावदिया रोड नायता मुंडला स्थित पटेल मार्केट की है। यहां बीते 19 मई को एक दुकान में अज्ञात कारणों से अचानक भीषण आग लग गई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि उसने आसपास की अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। घटना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया था, जिसके बाद से पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही थी। पुलिस जांच और छानबीन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि दुकान मालिक जुबेर पटेल निवासी नायता मुंडला ने अपनी दुकान किरायेदार रवि उर्फ कालू मालवीय निवासी माउंट बर्ग कॉलोनी को किराये पर दी थी। रवि मालवीय यहां टेंट डेकोरेशन और इवेंट में इस्तेमाल होने वाले पायरो पटाखे, आतिशबाजी और विस्फोटक सामान रखता था। जांच में पाया गया कि इस बेहद संवेदनशील और विस्फोटक सामान के भंडारण के लिए किरायेदार रवि और मकान मालिक जुबेर के पास कोई भी वैध लाइसेंस नहीं था। इसके साथ ही, दुकान में आगजनी से सुरक्षा या बचाव के लिए फायर एक्स्टिंग्विशर जैसे कोई पर्याप्त संसाधन भी नहीं रखे गए थे।?इस लापरवाही के कारण जब दुकान में आग लगी, तो विस्फोटक सामग्री के कारण उसने विकराल रूप ले लिया। इस आगजनी में किरायेदार रवि मालवीय की दुकान में रखा टेंट डेकोरेशन और इवेंट पायरो का सामान जलकर खाक हो गया। वहीं पास ही स्थित रंजीत सिंह सरदार की दुकान में रखा ऑटो पार्ट्स और कीमती ऑयल का स्टॉक पूरी तरह नष्ट हो गया। इसके अलावा, वहीं स्थित एक जिम भी आग की चपेट में आ गया, जिससे जिम की महंगी मशीनें, कांच, जरूरी दस्तावेज, गद्दे और अन्य सामग्रियां जलकर पूरी तरह बर्बाद हो गईं। अवैध भंडारण और आम जनता की जान जोखिम में डालने की इस गंभीर लापरवाही पर तेजाजी नगर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी दुकान मालिक जुबेर और किरायेदार रवि उर्फ कालू मालवीय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# नगर निगम के टैंकर से पानी भरने को लेकर विवाद

## पड़ोसी दंपत्ति ने महिला और उसके पति को पीटा

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र के अशोक नगर में नगर निगम के पानी के टैंकर से पानी भरने की बात पर दो पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि सामने रहने वाले एक दंपत्ति ने महिला और उसके पति के साथ सरेराह गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना अशोक नगर इलाके की है। अशोक नगर निवासी फरियादी कमलेश पिता कस्तूरचंद जैन की पत्नी पूजा जैन घर के पास खड़े नगर निगम के पानी के टैंकर से पानी भर रही थीं। इसी दौरान उनके सामने वाली लाइन में रहने वाले पड़ोसी श्रीकांत पासवान की पत्नी संगीता पासवान वहां आई। संगीता ने बिना किसी बात के पूजा जैन को टोकते हुए कहा कि मेरी तरफ देखकर क्यों बोल रही हो और इसी बात पर वह अचानक गालियां देने लगी। जब फरियादी कमलेश जैन और उनकी पत्नी पूजा ने संगीता को गाली-गलौज करने से मना किया, तो विवाद और ज्यादा बढ़ गया। शोर सुनकर संगीता का पति श्रीकांत पासवान भी दौड़ते हुए मौके पर पहुंच गया। इसके बाद आरोपी श्रीकांत और उसकी पत्नी संगीता ने मिलकर कमलेश और उनकी पत्नी पूजा जैन के साथ धक्का-मुक्की शुरू कर दी और लात-थप्पड़ों से मारपीट की। विवाद बढ़ता देख आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद आरोपी दंपत्ति जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़ित कमलेश जैन ने इसके बाद एरोड्रम थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी श्रीकांत पासवान और उसकी पत्नी संगीता पासवान के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी से की छेड़छाड़

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक सौतेले पिता ने अपनी ही 12 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शुक्रवार शाम को पीड़िता अपनी मां के साथ थाने पहुँची थी और उसने बताया कि 26 मई की रात आरोपी पिता ने उसके साथ गंदी हरकत की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। डरी हुई बच्ची ने यह बात अपनी मां को बताई, जिसके बाद मां उसे लेकर थाने पहुँची। मां के मुताबिक, आरोपी पति इससे पहले बाणगंगा क्षेत्र में अपनी साली के साथ भी गलत हरकत कर चुका है, जिसकी शिकायत बाणगंगा थाने में पहले से दर्ज है। हीरानगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सोशल मीडिया के जरिए महिला से लाखों रुपए की धोखाधड़ी

**इंदौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र में महिला के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी कल्पना पति नंदकिशोर शर्मा निवासी उत्सव रेजिडेंसी तेली बाखल मल्हारगंज की शिकायत पर पुलिस ने फेसबुक पेज के उपयोगकर्ता और व्हाट्सएप नंबर धारक के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी कल्पना शर्मा के मुताबिक आरोपियों ने उसके साथ 12 लाख 5 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की है। आरोपी से सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद रुपयों की जरूरत का बहाना बनाकर ठगी को अंजाम देने की बात सामने आ रही है।

# 40 हजार के बदले ऐंठे 4.5 लाख, फोटो एडिट कर रिश्तेदारों को भेजे

## क्रेडिट लीफ लोन ऐप की ठगी का जाल

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में ऑनलाइन लोन ऐप के जरिए ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ एक महिला को महज 40 हजार रुपये का लोन लेना उस वक्त भारी पड़ गया, जब साइबर अपराधियों ने उनके मोबाइल का डेटा हैक कर उनके निजी फोटो-वीडियो को अश्लील बना दिया। बदनामी के डर से पीड़िता ने 6 महीने के भीतर आरोपियों को साढ़े चार लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए, लेकिन इसके बावजूद जालसाजों ने उनके एडिटेड फोटो रिश्तेदारों को भेज दिए। पीड़िता की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र में रहने वाली एक महिला पीड़िता ने थाने पहुँचकर इस चीनी लोन ऐप गिरोह के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2025 में उसे अचानक पैसों की सख्त जरूरत आन पड़ी थी। इसी दौरान उसने गूगल प्ले स्टोर से क्रेडिट लीफ नामक एक मोबाइल लोन एप्लिकेशन डाउनलोड की और उसके जरिए 7 दिनों की अवधि के लिए 40 हजार रुपये का लोन लिया था। लोन की राशि खाते में आने के बाद, अभी उसकी अंतिम तारीख पूरी भी नहीं हुई थी कि पीड़िता के मोबाइल पर अंतरराष्ट्रीय नंबरों ?92, ?1 व अन्य विदेशी कोड से व्हाट्सएप कॉल और मैसेजेस आने शुरू हो गए। फोन करने वाले अज्ञात आरोपियों ने बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए लोन की रकम तुरंत चुकाने के लिए धमकाना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि ऐप डाउनलोड करते वक्त आरोपियों ने उसके मोबाइल के कॉन्टैक्ट लिस्ट, गैलरी और पर्सनल वीडियो का बैकअप चुरा लिया था। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि तुरंत पैसे नहीं भेजे, तो मोबाइल में मौजूद उसकी तस्वीरों और वीडियो को एडिट कर अश्लील बना दिया जाएगा और उसे फोन बुक में मौजूद सभी संपर्कों और रिश्तेदारों को वायरल कर दिया जाएगा।?शुरुआत में लोक-लाज और सामाजिक बदनामी के डर से पीड़िता ने घबराकर आरोपियों द्वारा मांगे गए 80 हजार रुपये ऑनलाइन माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। लेकिन एक बार रकम मिलते ही साइबर अपराधियों की भूख और बढ़ गई। वे लगातार नए-नए नंबरों से डराकर पैसों की मांग करने लगे। इस तरह डरा-धमकाकर पिछले 6 महीनों के दौरान आरोपियों ने पीड़िता के बैंक खाते से अलग-अलग किश्तों में करीब 4 लाख 50 हजार रुपये वसूल लिए। हद तो तब हो गई जब लाखों रुपये ऐंठने के बाद भी साइबर ठगों का मन नहीं भरा। उन्होंने पीड़िता के फोटो को आपत्तिजनक रूप से एडिट किया और उसके रिश्तेदारों व परिचितों के व्हाट्सएप नंबरों पर भेज दिया। जब पीड़िता के पास उसके रिश्तेदारों और करीबियों के फोन आने शुरू हुए, तब उसे इस बात का अहसास हुआ कि वह एक बड़े अंतरराष्ट्रीय साइबर सिंडिकेट के जाल में फंस चुकी है। मानसिक रूप से परेशान होने के बाद अंततः पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और परिजनों को साथ लेकर बाणगंगा थाने में केस दर्ज कराया।

# कोर्ट परिसर में हंगामा.. गवाही देने आई महिला से विपक्षी मां-बेटे ने की मारपीट

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित जिला न्यायालय परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोर्ट में गवाही देने आई एक महिला पर विपक्षी पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने कोर्ट परिसर के भीतर ही महिला को केस वापस लेने और बयान न देने की धमकी दी। जब महिला ने इससे इनकार किया, तो आरोपी महिला ने सरेराह उसके बाल पकड़कर लात-थप्पड़ों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, घटना एमजी रोड थाना इलाके के जिला न्यायालय परिसर की है। मूल रूप से खरगोन की रहने वाली फरियादी पल्लवी भावसार अपने किसी मामले में कोर्ट में चल रहे केस की तारीख और बयान दर्ज कराने के लिए इंदौर आई थीं। इसी दौरान कोर्ट परिसर में उनका सामना विपक्षी पक्ष से हो गया। फरियादी पल्लवी ने पुलिस को बताया कि कोर्ट परिसर में उनके मामले के विपक्षी अभिजीत भावसार और उनकी मां पद्मा भावसार दोनों निवासी सिंचाई कॉलोनी, झाबुआ वहां पहुंचे। पद्मा भावसार ने पल्लवी को देखते ही धमकाते हुए कहा कि मेरे बेटे के खिलाफ कोर्ट में बयान मत देना और अपना केस वापस ले लो।जब पल्लवी ने साफ शब्दों में कहा कि वह अपना केस वापस नहीं लेंगी, तो आरोपी महिला आपा खो बैठी। इनकार सुनते ही पद्मा भावसार कोर्ट परिसर के भीतर ही पल्लवी को गालियां देने लगी। विरोध करने पर आरोपी पद्मा भावसार ने पल्लवी के बाल पकड़ लिए और हाथ-थप्पड़ों से ताबड़तोड़ पीटना शुरू कर दिया। इस अचानक हुए हमले में पल्लवी के दोनों हाथों, गर्दन और पीठ पर चोटें आईं। कोर्ट परिसर में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर पल्लवी को बचाया। हमले के बाद आरोपी मां-बेटा वहां से भाग निकले, लेकिन जाते-जाते उन्होंने पल्लवी को धमकी दी कि आज के बाद दिखी तो जान से खत्म कर देंगे। बदहवास हालत में पीड़िता एमजी रोड थाने पहुंची और अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फरियादी पल्लवी भावसार की रिपोर्ट पर आरोपी पद्मा भावसार और अभिजीत भावसार के खिलाफ मारपीट करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# एग्रीमेंट में बदलाव की बात पर महिला वकील से मारपीट

## सोने की चेन तोड़ी, तीन पर केस दर्ज

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित जिला न्यायालय परिसर में मारपीट और हंगामे का मामला सामने आया है। कोर्ट परिसर के भीतर अपने पक्षकार का लिव-इन रिलेशनशिप एग्रीमेंट पढ़ रही एक महिला वकील पर विपक्षी पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने महिला वकील के साथ सरेराह गाली-गलौज और मारपीट की, वहीं झूमाझटकी के दौरान उनके गले की सोने की चेन भी तोड़ दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक महिला सहित तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, धार रोड लावरिया भेरू निवासी फरियादी भावना कुरील पेशे से वकील हैं। भावना कोर्ट परिसर में अपने पक्षकार राजेंद्र धार्वे पिता दवतिया धार्वे और विपक्षी शीतल पिता राजा गोले के बीच होने वाले लिव-इन रिलेशनशिप के एक एग्रीमेंट को पढ़ रही थीं। एग्रीमेंट पढ़ने के बाद जब उन्होंने कानूनी प्रक्रिया के तहत उसमें कुछ जरूरी परिवर्तन करने की बात कही, तो वहां मौजूद शीतल के परिजन भड़क गए। बदलाव की बात सुनते ही शीतल के मामा मुकेश निर्मले, राकेश निर्मले और मामी पिंकी निर्मले सभी निवासी खजराना ने कोर्ट परिसर के भीतर ही एकजुट होकर महिला वकील भावना कुरील को घेर लिया और उनके साथ गाली गलौच करने लगे। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो तीनों आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी मामी पिंकी निर्मले ने भावना के साथ उग्रता से झूमाझटकी की, जिससे भावना के गले में पहनी हुई सोने की कीमती चेन टूटकर नीचे गिर गई।

# छह गोदामों में लगी भीषण आग

## साढ़े 4 घंटे की मशक्कत और 2 लाख लीटर पानी से पाया काबू

**इन्दौर।** एमआईजी लिंक रोड पर बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वहां कतार से बने करीब छह व्यावसायिक गोदामों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने टेंट हाउस, टायर और प्लाइवुड के कारखानों को अपनी चपेट में ले लिया। आसमान में उठते धुएं के गुबार और आग की भयावहता को देखकर पास ही स्थित रिहायशी बस्ती के लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और एमआईजी थाने का गश्ती दल मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए सबसे पहले आग को बस्ती की तरफ बढ़ने से रोका और करीब साढ़े चार घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद हालात पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।



फायर ब्रिगेड को बीती रात करीब तीन बजे लिंक रोड पर स्थित गोदामों में आग लगने की पहली सूचना मिली थी। गांधी हॉल फायर स्टेशन से एएसआई सुशील कुमार दुबे के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई बल को मौके के लिए रवाना किया गया। चूंकि आग टेंट के सामान, सोफे के फोम और टायरों में लगी थी, इसलिए लपटें तेजी से फैलती गईं। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग को 3 मुख्य गाड़ियों के साथ ही 6 पानी के टैंकरों को मोर्चे पर लगाना पड़ा। करीब 2 लाख लीटर से अधिक पानी की बौछारें करने के बाद सुबह पौने 8 बजे तक आग को पूरी तरह से शांत किया जा सका। प्राथमिक तौर पर अंदेशा जताया जा रहा है कि बिजली के खंभे या तारों में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ है, हालांकि पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, जिस जमीन पर ये गोदाम और कारखाने संचालित हो रहे थे, उसके मालिक शब्बीर भाई हैं, जिन्होंने इसे अलग-अलग व्यापारियों को किराए पर दे रखा था। इस अग्निकांड में राहुल भंडारी के टेंट हाउस का पूरा सामान, मेहमूद के नए और पुराने टायरों का गोदाम, इरफान अली का सोफा बनाने का कारखाना और प्रशांत का प्लाइवुड का कीमती स्टॉक पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गया। जिस जगह यह आग भड़की, उससे बिल्कुल सटकर एक घनी बस्ती बसी हुई है। आधी रात को जब लोगों ने खिड़कियों से आग की ऊंची लपटें देखीं, तो इलाके में चीख-पुकार मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। एएसआई दुबे के मुताबिक, टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती आग को इस रिहायशी इलाके में घुसने से रोकने की थी। दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभालकर सबसे पहले कट-ऑफ पॉइंट बनाया, जिससे आग बस्ती की तरफ नहीं फैल पाई और एक बड़ा हादसा टल गया।

## तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य शिविर कल

### चित्र प्रदर्शनी एवं जागरूकता अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार 31 मई को श्री वैष्णव डायग्नोस्टिक एवं किडनी सेंटर एवं श्री वैष्णव औषधालय, शुभदीप आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, आरडी गार्डी नर्सिंग कालेज एवं हेल्थ सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन राजमोहल्ला स्थित सेंटर पर सुबह 9 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन भी निशुल्क किया जा रहा है। शिविर में नर्सिंग छात्र छात्राओं द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव हेतु चित्र प्रदर्शनी एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया जाएगा।

## गायक आज और कल देंगे मंच पर प्रस्तुति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संगीत सेवा सहारा द्वारा आयोजित 30 और 31 मई को क्रिश्चियन कॉलेज मे ग्रैण्ड फिनाले में कलाकारों को मंच से मौका दिया जाएगा। गीत-संगीत का यह आयोजन कॉलेज परिसर मे सुबह 10 से शाम 7 बजे तक आयोजित होगा। चार अलग-अलग राउण्ड होंगे, विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। किसी भी उम्र के कलाकार रजिस्ट्रेशन के माध्यम से शामिल हो सकते हैं।

## केयर सी.एच.एल. चिकित्सालय को नोटिस जारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इंदौर के केयर सी.एच.एल. चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें निरीक्षण दल को विभिन्न बिन्दुओं पर पाई गई कमियों के आधार पर अपना प्रतिवेदन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि संबंधित चिकित्सालय में ओपीडी विभाग, आकस्मिक विभाग, फार्मेसी विभाग, कार्डियक एवं न्यूरो सर्जरी आईसीयू विभाग, ऑपरेशन थिएटर, एमआर डी विभाग, पीसी पीएनडीटी विभाग, पैथोलॉजी लैब, ब्लड बैंक, मुख्य द्वार, बिल्डिंग मेंटेनेंस के दस्तावेजों में पाई गई त्रुटियों के आधार पर संबंधित चिकित्सालय को एक केलेण्डर माह की पंजीयन निरस्ती की सूचना दी गई।

# गोवंश के अवशेष मिलने पर बवाल

## फरार आरोपी पर इनाम घोषित, एक गिरफ्तार

**इन्दौर।** महू के समीप स्थित बंडा बस्ती में कल गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के उल्लंघन का एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर जब पुलिस टीम एक संदिग्ध बाड़े में दबिश देने पहुँची, तो वहाँ बड़ी मात्रा में मांस और गोवंश के अवशेष बरामद हुए। इस कार्रवाई के दौरान आरोपियों और उनके समर्थकों ने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया और रेलवे पटरी के पास से पुलिस बल पर पथराव कर दिया। पथराव में दो मोटरसाइकिलों में भी तोड़फोड़ की गई है। स्थिति को बिगड़ता देख वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अतिरिक्त बल बुलाकर हालात को बमुश्किल नियंत्रित किया। पुलिस ने मुख्य आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर उन पर इनाम घोषित कर दिया है।

कल बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को पुख्ता सूचना दी थी कि बंडा बस्ती स्थित इमरान खटखट के बाड़े में अवैध रूप से गोवंश का वध कर मांस काटा जा रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुँचा और बाड़े की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही वहाँ मौजूद आरोपियों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को देखकर भाग रहे आरोपियों और उनके कुछ साथियों ने पास ही स्थित रेलवे पटरी के पास मोर्चा ले लिया और पुलिस टीम पर अचानक पथराव शुरू कर दिया। इस अचानक हुए पथराव के कारण इलाके में तनाव फैल गया और वहाँ खड़ी दो बाइकों को भी उपद्रवियों ने निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ कर दी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अफसरों को सूचित किया गया, जिसके बाद आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। एएसपी रुपेश द्विवेदी ने बताया कि बंडा बस्ती के इस संवेदनशील घटनाक्रम में पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने बाड़े से भारी मात्रा में संदिग्ध मांस और गोवंश के अवशेषों को जब्त कर लिया है। मामले में बाड़ा मालिक इमरान खटखट सहित कादिर, हासिम और कल्ला के खिलाफ मध्य प्रदेश गोवंश प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। घटना के बाद फरार हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों पर कुल 10 हजार रुपये का नकद इनाम भी घोषित कर दिया गया है। पुलिस टीमों ने संभावित ठिकानों पर दबिश देकर एक नामजद आरोपी कादिर को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया है, जबकि शेष तीन आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की टीमें लगी हुई हैं।

# कालाकुंड में लगी कलेक्टर की ग्राम चौपाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कलेक्टर शिवम वर्मा बीती रात ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत कालाकुंड पहुंचे जहां उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने कलेक्टर शिवम वर्मा से कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात की मांग की तो उन्होंने कई सौगाते भी दे दी। समस्याएं और आवश्यक्ताओं को जाने के बाद कलेक्टर ने समस्याओं का समाधान भी किया।



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **बबलू कुमार** था जो अब परिवर्तित कर **पुरुषोत्तम कुमार** हो गया है, अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**पुरुषोत्तम कुमार**
**स्कीम न. 51 म.न. 994 इन्दौर**
**मो.-98260-34835**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम **काव्य पोकर पटेल पिता अशोक पटेल** था जो अब परिवर्तित कर **काव्य पटेल पिता अशोक पटेल** हो गया है, अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**काव्य पटेल पिता अशोक पटेल**
**म.नं. 291 गुप्तेश्वर वार्ड**
**अशोका अपार्टमेंट के पीछे**
**जबलपुर (म.प्र.)**

# गिल ने कहा- मैं एक अलग ही लय में बल्लेबाजी कर रहा था

## अब अपने घर में खिताब जीतने के लिए आरसीबी के समक्ष उतरेंगे

**मुल्लनपुर ।** क्वालीफायर दो में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) पर अपनी टीम की जीत के बाद, गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल, जिन्होंने मैच जिताने वाला शतक बनाया, ने कहा कि वह इस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे कि वह सिर्फ गेंद को गैप में मारना चाहते थे और उसे बहुत जोर से मारने की कोशिश नहीं कर रहे थे।

गिल के मैच जिताने वाले शतक ने वैभव सूर्यवंशी की एक और शानदार पारी को फीका कर दिया। 15 वर्षीय सूर्यवंशी को उनके प्रयास के लिए कम से कम ऑरेंज कैप मिल सकती है, लेकिन मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटन्स (जीटी) के बीच फाइनल में शुरुआती विकेट गिरने से रॉयल्स की लय बिगड़ गई और गिल और साई सुदर्शन की जीटी की बेहद स्थिर सलामी जोड़ी के सामने 215 रनों का लक्ष्य बहुत कम था।

मैच के बाद प्रस्तुति देते हुए गिल ने कहा, मैं एक अलग ही स्थिति में था, मैं सिर्फ खाली जगहों और गेंदबाजों को देख रहा था और यह देख रहा था कि मुझे गेंद कहाँ मारनी है। मैं गेंद को बहुत जोर से मारने की कोशिश नहीं कर रहा था। मेरा ध्यान सिर्फ गेंद के गिरने, अपने खेलने के क्षेत्रों को देखने और उसके अनुसार खुद को ढालने पर था। (उन्होंने ऐसे खेला जैसे कोई फील्डर ही न हो) जब आप अच्छी बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो ऐसा ही होता है। आप सिर्फ खाली जगहें देखते हैं और हर गेंद को सही जगह पर मारते हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं, हमें 220 रनों का लक्ष्य मिला। एक समय ऐसा लग रहा था कि हम उन्हें 180-190 रनों के आसपास रोक लेंगे, लेकिन हमें एक अच्छा स्कोर मिल गया और एक बार जब हमने अच्छी शुरुआत कर ली, तो हमने बात की, मैं वास्तव में मैच खत्म करना चाहता था, जिस तरह से मैं आउट हुआ वह काफी दुखद है। साई के साथ अपनी साझेदारी के बारे में उन्होंने कहा कि वे दोनों एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने आगे कहा, जब हम बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो हमारा तालमेल बहुत अच्छा होता है।



### गेंदबाजी का मौका नहीं मिला

*उन्होंने यह भी कहा कि टीम के पास छह से सात अच्छे गेंदबाजी विकल्प होना वास्तव में सौभाग्य की बात है, इस हद तक कि साई किशोर को एक भी ओवर गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला और कहा कि अब फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करना ही सब कुछ है। घरेलू मैदान पर फाइनल खेलने के बारे में उन्होंने कहा, यह अनुभव निश्चित रूप से अच्छा है। यह एक दिन का मैच है, इसलिए जल्दी ही अगला मैच खेलना है। उम्मीद है कि हम सभी सीखेंगे और खुद को संभाल लेंगे।*

# मध्यप्रदेश की श्रुति सासन का चयन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की प्रतिभाशाली टेनिस खिलाड़ी एवं वाइल्डलाइफ तथा एब्स्ट्रैक्ट आर्टिस्ट सुश्री श्रुति सासन का चयन प्रतिष्ठित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स टूर वर्ल्ड टीम चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 05 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक इटली के रोम शहर में आयोजित की जाएगी।



उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में भारत की 50 प्लस एवं 55 प्लस टीमों के लिए पूरे देश से चुनिंदा खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनमें श्रुति सासन ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा एवं प्रदर्शन के दम पर स्थान बनाया है। भारतीय टीम में सुश्री विभा चौधरी, सुश्री मंजू खरे, सुश्री बबीता मोहन लांगथासा एवं मध्यप्रदेश की खिलाड़ी सुश्री श्रुति सासन को शामिल किया गया है यह उपलब्धि मध्यप्रदेश एवं इंदौर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

श्रुति सासन इंदौर टेनिस क्लब (आईटीसी) में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। खेल के साथ-साथ वे एक प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ एवं एब्स्ट्रैक्ट आर्टिस्ट भी हैं और अपनी कला के माध्यम से प्रकृति एवं भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करती हैं। टेनिस कोर्ट से लेकर कैनवास तक, श्रुति अपनी मेहनत, समर्पण और रचनात्मकता से निरंतर नई पहचान स्थापित कर रही हैं।

उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर मध्यप्रदेश टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल महाजन एवं समस्त पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। साथ ही इंदौर टेनिस क्लब परिवार एवं खेल प्रेमियों में भी हर्ष एवं गर्व का वातावरण है।

# राष्ट्रीय मॉडर्न पैंटाथलॉन का आयोजन 4 जून से

**इंदौर।** 31 मई से 4 जून 26 अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय मॉडर्न पैंटाथलॉन चैंपियनशिप 2026 में इंदौर की प्रिशा शर्मा, निकिता भास्कले, साक्षी जागरिया, अश्विन खेरदे, राज मोर्या और फ़ज़ल कुरैशी अपने-अपने वर्ग में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच स्वरूप खिलाड़ियों के साथ इंद्रदेव शर्मा भी प्रतियोगिता में शामिल होंगे।



# मध्य प्रदेश लीग में बड़े इरादों के साथ उतरेगी जबलपुर रॉयल लायंस

## यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन होगा: राहुल बाथम

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) के बहुप्रतीक्षित नए सीजन के करीब आते ही जबलपुर रॉयल लायंस (जेआरएल) नए आत्मविश्वास, मजबूत तैयारियों और इस वर्ष प्रभावशाली प्रदर्शन के स्पष्ट इरादे के साथ टूर्नामेंट में उतरने जा रही है।

संतुलित टीम संयोजन, अनुभवी सपोर्ट स्टाफ और निडर खेल शैली के दम पर फ्रेंचाइजी को भरोसा है कि यह उसका अब तक का सबसे मजबूत अभियान साबित हो सकता है। सीजन से पहले टीम की तैयारी और मानसिकता पर विश्वास जताते हुए सीनियर ऑलराउंडर राहुल बाथम ने कहा कि टीम के भीतर तैयारियां, मानसिकता और ऊर्जा बेहद सकारात्मक हैं। हमने ऐसी टीम तैयार की है



जिसमें प्रतिभा, अनुशासन और बेहतर प्रदर्शन करने की भूख है। हमारा उद्देश्य केवल भाग लेना नहीं, बल्कि अपनी अलग पहचान बनाना, निडर क्रिकेट खेलना और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करना है। यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ सीजन होगा, क्योंकि हम शेरों की तरह खेलेंगे और चैंपियंस की तरह जीतेंगे। इस सीजन की टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का शानदार संतुलन देखने को मिलेगा। हेड कोच आनंद राजन का मानना है कि यही संयोजन टीम की सफलता की सबसे बड़ी कुंजी साबित होगा। राजन ने कहा कि हमने एक मजबूत टीम संस्कृति विकसित करने पर कड़ी मेहनत की है, जहाँ अनुशासन, तैयारी और उसे मैदान पर प्रभावी ढंग से लागू करना सबसे महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग के दौरान शानदार प्रतिबद्धता दिखाई है और हम ऐसी टीम तैयार कर रहे हैं, जो पूरे आत्मविश्वास और इरादे के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी। हमारा लक्ष्य सकारात्मक क्रिकेट खेलना और इस सीजन में अपने समर्थकों को जश्न मनाने के कई अवसर देना है। जोर-शोर से चल रही तैयारियों के बीच जबलपुर रॉयल लायंस पूरे आत्मविश्वास और अपने प्रशंसकों की उम्मीदों के साथ एमपीएल सीजन में कदम रख रही है।

# इंदौर गौरव दिवस पर खो-खो लीग स्पर्धा आज से

**इंदौर ।** हैप्पी वान्डरर्स इंदौर द्वारा खो खो लीग स्पर्धा बालक और बालिका वर्ग में इंदौर की प्रातः स्मरणीय लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के उपलक्ष में प्रतिवर्षानुसार इंदौर गौरव दिवस के अंतर्गत यह खो-खो स्पर्धा का आयोजन 30 और 31 मई को हैप्पी वान्डरर्स इंदौर खेल मैदान पर संपन्न होने जा रहा है।

गत वर्ष इंदौर नगर पालिका निगम तथा मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ द्वारा यह आयोजन किया गया था । इस वर्ष यह आयोजन हैप्पी वांडरर्स ने भारतीय खेल खो-खो के खिलाड़ियों हेतु यह स्पर्धा संपन्न करने का निर्णय लिया है।

# कबड्डी में विक्रम स्पोर्ट्स दूसरे स्थान पर



**धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** धार जिले के बाकुरली में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन में 20 टीमों ने भाग लिया था। जिसमें विक्रम स्पोर्ट्स को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। विक्रम स्पोर्ट्स ने क्वार्टर फाइनल मे बड़नगर को एवं सेमीफइनल मे डकाच्या को हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला विक्रम स्पोर्ट्स एवं बनेडिया के बीच खेला गया दोनों टीमों के बीच अंत तक मुकाबला बराबरी का रहा, मैच का निर्णय अंतिम रेड मे हुआ। संस्था की इस उपलब्धि पर राजू चौहान, हरीश डागुर, परमजीत सिंह पम्मी ,अशोक मिश्रा, मन्नालाल बिंदौरिया, राजू गौतम, सुनील ठाकुर ने बधाई दी। टीम के कोच लक्ष्मण गीते, भागीरथ जरिया एवं सहायक कोच राजेंद्र काशीद, विक्रम सालुंके थे।

# फोन्सेका ने रोलैंड गैरोस 2026 में सनसनी मचाई, नोवाक जोकोविच को किया पराजित

**पेरिस ।** रोलैंड गैरोस 2026 के तीसरे दौर में 19 वर्षीय जोआओ फोन्सेका के हाथों नोवाक जोकोविच की 2-3 (6-4, 6-4, 3-6, 5-7, 5-7) से हुई वापसी की हार महज एक चौंकाने वाली घटना नहीं थी। इसे एक ऐतिहासिक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, जो युवा पीढ़ी के शक्तिशाली उदय के सामने ओपन युग के महानतम बादशाह के पतन का संकेत है। फोन्सेका ने सिर्फ एक खिलाड़ी को नहीं हराया, बल्कि उन्होंने एक युग का अंत कर दिया। अब जेनरेशन जेड को सिंहासन संभालने के लिए किसी से अनुमति मांगने की जरूरत नहीं है। पेरिस में 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुकी भीषण गर्मी के बीच, फिलिप-चैट्रियर का मध्य कोर्ट 39 वर्षीय होने वाले इस अनुभवी खिलाड़ी के लिए एक कठिन शारीरिक परीक्षा में तब्दील हो गया। निर्णायक सेट में जोकोविच की मनोवैज्ञानिक निराशा और शारीरिक थकावट चरम पर पहुंच गई, जब उन्होंने सार्वजनिक रूप से टेलीविजन कैमरों पर अपना गुस्सा जाहिर किया क्योंकि वे उनकी थकावट के दौरान उन पर बहुत करीब से नजर रख रहे थे।

# रियल एस्टेट ऑफिस की छत पर चढ़ने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

## जामुन तोड़ने पर बवाल

**इन्दौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बांगड़दा चौराहा पर जामुन तोड़ने जैसी मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे और डंडे चल गए। विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ युवक एक रियल एस्टेट ऑफिस की छत पर चढ़कर पेड़ से जामुन तोड़ रहे थे। ऑफिस मालिक महिला द्वारा टीनशेड कमजोर होने का हवाला देकर टोकने पर विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और मारपीट में दोनों तरफ से कई लोग घायल हो गए। गांधी नगर पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायतों पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक, पहले पक्ष की ओर से देवपुरी कॉलोनी बंगाली चौराहा निवासी बबीता पति लोकेंद्र व्होरा की शिकायत पर आरोपी ललित निकुम और विशाल दोनों निवासी बड़ा बांगड़दा के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी बबीता ने पुलिस को बताया कि बड़ा बांगड़दा चौराहा पर प्ले होटल के सामने उनका रियल एस्टेट का ऑफिस है। कल दोपहर आरोपी ललित और विशाल उनके ऑफिस की छत पर चढ़कर पास ही लगे पेड़ से जामुन तोड़ रहे थे। बबीता ने जब उन्हें देखा तो शालीनता से टोकते हुए कहा कि आप लोग ऑफिस के सामने लगे टीनशेड पर चढ़कर जामुन तोड़ लो, क्योंकि ऑफिस की छत पर लगे चद्दर की रिब कमजोर है और वह टूट जाएगी। इसी बात से नाराज होकर दोनों आरोपियों ने बबीता को सरेराह भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। जब ऑफिस में मौजूद उनके पति लोकेंद्र और साथी त्रियांशी यादव ने बीच-बचाव किया, तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में त्रियांशी और लोकेंद्र को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, मामले के दूसरे पक्ष की ओर से पुलिस ने अजय पिता हेम सिंह राठौर की रिपोर्ट पर आरोपी बबीता व्होरा, लोकेंद्र व्होरा और संजय व्होरा के खिलाफ जवाबी केस दर्ज किया है। फरियादी अजय ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि उनके भांजे ललित और विशाल जामुन खाने के लिए ऑफिस की छत पर चढ़े थे। इसी बात को लेकर वहां मौजूद आरोपी बबीता और लोकेंद्र ने उनके दोनों भांजों के साथ अकारण गाली-गलौज की और उन्हें लात-घूंसे तथा डंडों से बेरहमी से पीट दिया। भांजों ने जब रोते हुए घर आकर पूरी आपबीती बताई, तो अजय अपने बेटे उज्जवल को साथ लेकर व्होरा परिवार को समझाने के लिए उनके ऑफिस पहुंचे थे। अजय का आरोप है कि वहां पहुंचते ही तीनों आरोपियों ने आव देखा न ताव और डंडे निकालकर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उनके बेटे उज्जवल को सिर और शरीर पर काफी ज्यादा चोटें आई हैं।



## असंतुलित कार दुर्घटनाग्रस्त

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आज सुबह करीब 5 बजे जब शहर में बूंदाबांदी शुरू हुई उस दौरान राजीव गांधी सर्कल चौराहा पर थार गाड़ी असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गाड़ी में नुकसान हुआ, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। बड़ा हदसा बच गया।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो भाइयों पर हमला

## लोहे की रॉड और बैट से पीटा देपालपुर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

देपालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पलासियापार में घर में अकेली महिला के साथ छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति और जेठ पर जानलेवा हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में दो भाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए देपालपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने बताया है कि , घटना उस वक्त की है जब पीड़िता घर में अकेली थी। इसी दौरान सुनील ने घर में घुसकर महिला के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की। जब महिला ने अपने परिवार को इस बात की जानकारी दी, तो उसका पति संजय और जेठ राजेंद्र सामाजिक तौर पर सुनील को





समझाने और इस हरकत का विरोध करने उसके पास पहुंचे। लेकिन अपनी गलती मानने के बजाय मुलजिम और उसके साथी उग्र हो गए। आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से संजय और राजेंद्र पर लोहे की रॉड और बैट से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

### गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

इस हमले में संजय और राजेंद्र को सिर, हाथ और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं। लहूलुहान हालत में दोनों को तुरंत देपालपुर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फरियादी जितेंद्र सिंगला की रिपोर्ट पर सुनील, अंकित, युवराज, मनोहरसिंह रामस्वरूप के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के बाद से सभी आरोपी गांव से फरार हैं। पुलिस कल शाम को आरोपियों की धरपकड़ के लिए पलासियापार पहुँची थी, लेकिन कोई नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मुलजिमों को पकड़ लिया जाएगा।

## निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से मजदूर की मौत

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र की एसएस कॉलोनी में एक निर्माणाधीन मकान में पानी की मोटर चालू करते समय करंट लगने से 18 वर्षीय मजदूर राहुल पिता राजा, निवासी धार की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मोटर के पास पानी फैला हुआ था, जहाँ बिजली के खुले तार पड़े थे। राहुल जैसे ही उसकी चपेट में आया, जोरदार झटका लगने से जमीन पर गिर पड़ा। साथी मजदूर उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लसूडिया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## फूड डिलीवरी बॉय की संदिग्ध मृत्यु

**इन्दौर।** खजराना थाना क्षेत्र के गुरु नानक नगर में रहने वाले 25 वर्षीय फूड डिलीवरी बॉय सौरभ पिता बलराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, सौरभ को पेट में तकलीफ महसूस हो रही थी, जिसके चलते वह पास के ही एक मेडिकल स्टोर से दवा लेकर आया था।?दवाई खाने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत अचानक और ज्यादा बिगड़ गई और वह घर में ही अचेत होकर गिर पड़ा। बदहवास परिजन पड़ोसियों की मदद से उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खजराना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## ससुराल में कहासुनी के बाद लौटे प्लंबर ने लगाई फांसी

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र की फोनिक्स टाउनशिप में रहने वाले दिनेश पिता रंजीत(29) नामक प्लंबर ने ससुराल में हुई बहस से क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के पिता के मुताबिक, दिनेश की पत्नी कुछ दिनों से मायके भानगढ़ में रह रही थी। गुरुवार को दिनेश उसे लेने ससुराल पहुँचा था, जहाँ दोनों पक्षों में तीखी कहासुनी हो गई। इसके बाद वह अकेला ही मायूस होकर घर लौटा और खुद को कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर जब पिता ने खिड़की से झांका, तो दिनेश फंदे पर लटका मिला। परिजन दरवाजा तोड़कर उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लसूडिया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## मां ने मरने के पहले बेटे को भी कीटनाशक दवाई पिलाने का किया प्रयास

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**मानपुर थाना क्षेत्र के चिकली में एक मां ने कीटनाशक दवाई पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं छह वर्षीय बेटे को भी दवाई पिलाने की कोशिश की। इसी बीच पिता की नींद खुल गई और उन्होंने बेटे को पिलाने से रोका और पत्नी को अस्पताल लेकर पहुंचे।**

**पिता की नींद खुली तो बेटे को पिलाने से रोका**

मिली जानकारी के अनुसार घटना मानपुर के चिकली में हुई। आशा पति पर्वत ने कीटनाशक दवाई पीकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि शाम को पत्नी आशा, पति पर्वत और उनके बेटे ने साथ में खाना खाया जिसके बाद तीनों सो गए। रात को जब उनका छह वर्षीय बेटा रोया तो पिता की नींद खुली उन्होने पत्नी से कहा कि जब वह पानी नहीं पी रहा है तो क्यों पिला रही हो इस पर पास जाकर देखा तो पत्नी बेटे को कीटनाशक दवाई पिला रही थी इस पर उसे रोका। इसके बाद आशा ने बताया कि मैंने भी दवाई पी है। तब पर्वत उसे लेकर अस्पताल पहुंचा जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पर्वत खेती का काम करता है।



## अवैध शराब के ठिकानों पर आबकारी की दबिश



**देपालपुर।** ग्रामीण इलाकों में अड्डे खोलकर अवैध रूप से शराब बेचे जाने की लगातार मिल रही शिकायतों पर कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में वृत्त देपालपुर क्षेत्र में अवैध मदिरा के खिलाफ प्रभावी अभियान चलाया गया। आबकारी टीम ने ग्राम करकी, छोटी कलमेर, रुणावदा, चांदेर, खड़ी, हरनासा और बेटमा आदि क्षेत्रों में दबिश दी। इस छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से लगभग 38.7 बल्क लीटर देसी मदिरा, 24 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 60 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा तथा 200 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी कब्जे में लिया। आबकारी विभाग के अनुसार जब्त की गई इस अवैध मदिरा और सामग्री का कुल बाजार मूल्य 53,885 रुपये आंका गया है। इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक भगवानदास अहिरवार, आरक्षक राशि सोलट, रवींद्र कुमार बघेल, सावन सिसोदिया एवं वाहन चालक मनोज सोलंकी का सराहनीय योगदान रहा।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।